# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, गुरूवार 30 जनवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 17






आवामी लीग का सड़कों पर उतरने का ऐलान... • लखनऊ से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र • हरियाणा के खिलाफ अहम मुकाबले.....


# महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत, 60 घायल

## मेला प्रशासन ने जारी किया आंकड़ा, भगदड़ के बावजूद 6 करोड़ ने संगम में लगाई डुबकी

### महाकुंभ हादसे पर भावुक हुए सीएम योगी, दिए न्यायिक जांच के आदेश, मृतकों के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता का ऐलान

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभ के दौरान मैचे भगदड़ में 30 लोगों की जान गई है। इस बात की जानकारी उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने दी है। महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ मचने के बाद हमने ग्रीन कॉरिडोर बनाया। उसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस भगदड़ में 60 लोग घायल हुए हैं। 30 में से 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। भारी भीड़ के चलते यह भगदड़ मची थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि कुछ देर के अफरा तफरी के बाद स्थिति को पूरी तरीके से नियंत्रित कर लिया गया। डीआइजी वैभव ने कहा कि आज किसी भी वीआईपी का इलाज नहीं किया गया और महाकुंभ में मौजूद हर व्यक्ति का इलाज बिना प्रोटोकॉल के किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस 'हादसे' को 'अत्यंत दुखद' करार दिया और इसमें अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की 'साजिश' बताते हुए इसे जांच का विषय करार दिया है। हादसे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चार बार बात करने के बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में बने हुए हैं। बाद में दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करतार नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''जो दु:खद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हुए हैं। कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावटें आई थी। लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रुप से श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। मैं एक बार फिर परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए लखनऊ में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि हादसे में कुछ श्रद्धालु 'गंभीर रूप से घायल' हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हादसे के बाद प्रातत्काल से ही प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग चार बार हाल-चाल लिया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी हादसे के संबंध में जानकारी ली है।



### भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया दुख

महाकुंभ में हुई भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुख जताया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, `प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

### मायावती ने जताया दुख

महाकुंभ मेले हुई भगदड़ पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने दु:ख जताया है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुम्भ में हुई भगदड़ में, जिन भी श्रद्धालुओं ने अपनी जान गवाई है व घायल हुये है। यह घटना अति-दु:खद व चिन्तनीय। ऐसे समय में कुदरत पीड़ितों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे, पार्टी की यही कामना।

## मुख्यमंत्री ने की महाकुंभ प्रयागराज में आए श्रद्धालुओं से अपील, कहा, अफवाहों पर ध्यान न दें



**लखनऊ।** मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में भगदड़ मच गई। इस घटना में अभी तक कई लोगों के घायल और जान जाने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन, उत्तर प्रदेश की सरकार अभी इस बारे में कुछ नहीं कह रही है। वहीं, इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा- स्नान शांति से चल रहा है। अफवाहों पर ध्यान न दें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि, मां गंगा के जिस घाट के जो समीप है, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें। पुलिस प्रशासन के साथ व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। संगम के सभी घाटों पर शांतिपूर्वक स्नान हो रहा है। किसी भी अफवाह पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। इस तरह उन्होंने कुंभ में आए श्रद्धालुओं से प्रशासन का सहयोग करने और अफवाहों से बचने की बात कही है। आपको बता दें कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम नोज पर भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। घटना के बाद, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने अमृत स्नान रद्द करने की घोषणा की और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे संगम घाट पर भीड़ न करें और जहां भी गंगाजी का साफजल मिले वहीं स्नान करें। मेला प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से की बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ में भगदड़ जैसी घटना के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की और तत्काल सहायता उपाय करने को कहा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और अब तक आदित्यनाथ से दो बार बात कर चुके हैं। एक अधिकारी ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ मेले में स्थिति के बारे में योगी जी से बात की, घटनाक्रम की समीक्षा की और तत्काल सहायता उपाय करने को कहा।

### संगम पर भारी भीड़ से अखाड़ों का अमृत स्नान रद्द

महाकुंभनगर। महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान पर्व के अवसर पर संगम तट के निकट भगदड़ मचने के बीच अखाड़ों का अमृत स्नान फिलहाल रद्द कर दिया गया है। अखिल भारतीय अखाडा परिषद और हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने बताया कि जिस प्रकार से श्रद्धालुओं की भीड़ स्नान के लिए उमडी है और भगदड़ की घटना सामने आई है उससे अखाड़ों ने अमृत स्नान को फिलहाल निरस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अखाडों के वहां जाने से स्थिति और भी बिगड सकती है। उन्होंने बताया कि भगदड के कारण अमृत स्नान का कार्यक्रम फिलहाल रद्द कर दिया गया है।

### भीड़ कम होगी तो ही हम स्नान करेंगे- अखाड़ा परिषद के चीफ

महाकुंभ में बुधवार तड़के भगदड़ मचने की घटना के बाद अखाड़ा परिषद के प्रमुख महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि संगम घाट पर 'अत्यधिक भीड़भाड़' के कारण स्थगित किए गए सभी अखाड़ों के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान अब भीड़ का दबाव कम हो जाने के कारण संपन्न किए जाएंगे। महंत रवींद्र पुरी ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि अब भीड़ कम हो रही है और हम मेला प्रशासन से बातचीत कर रहे हैं। अगर भीड़ कम हो रही है, तो हम स्नान करना चाहेंगे।' उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले कहा था कि 'स्नान अनुष्ठान को संदर्भित किया गया है। यह दर्शाता है कि अखाड़ों का स्नान अनुष्ठान रद्द नहीं किया गया है जैसा कि पहले माना जाता था।

## संक्षिप्त समाचार

### धनखड़ कल तमिलनाडु की यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को तमिलनाडु की यात्रा पर रहेंगे और चेन्नई में मूक-बधिर और दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए शिक्षा, सुगम्यता और कल्याण पर तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्री धनखड़ 31 जनवरी, 2025 को तमिलनाडु की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति चेन्नई में शिक्षा, सुगम्यता और कल्याण पर मूक - बधिर और दृष्टिहीन व्यक्तियों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे। इसका आयोजन राष्ट्रीय बहु-दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान ने किया है।

### भदोही में सड़क हादसे में दो की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के औराई क्षेत्र में बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के मेंघीपुर खलियान कैयरमऊ निवासी दिनेश कुमार के पुत्र सोनू (23) अपने चचेरे भाई अंकित (20) को बाइक से लेकर महराजगंज बाजार जा रहे थे। इस दौरान वाराणसी से प्रयागराज की तरह जा रहे किसी अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से दोनों को औराई ट्रामा सेंटर लाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया।

### राहुल ने मीडिया पर लगाया गरीबों के मुद्दों को दबाने का आरोप

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मीडिया पर हमला करते हुए कहा है कि वह सिर्फ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बात दिखाती है तथा गरीबों के मुद्दों को दबाती है। श्री गांधी ने बुधवार को कहा कि मीडिया अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहा है और गरीबों के मुद्दों से ध्यान भटकाने के साथ ही अमीरों की ढाल बनकर गरीब की आवाज को दबा रहा है। श्री गांधी ने कहा, मीडिया बस भाजपा आरएसएस के मन की बात दिखाती है और मुद्दे की बात से भटकाती है और अरबपतियों की ढाल बन कर, गरीबों की आवाज़ दबाती है। उन्होंने कांग्रेस को देश की आवाज बताया और कहा, कांग्रेस पार्टी भारत के गरीबों, मध्यमवर्ग, बहुजन, अल्पसंख्यकों और वंचितों की आवाज़ है।

# भर्तियां बंद, विदेश दौरों पर रोक

## ट्रंप के एक ऐक्शन से यूएन एजेंसियों में हड़कंप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी विदेशी मदद वाली फंडिंग को अगले 90 दिनों तक रोकने का आदेश दिया है। इससे दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। सबसे ज्यादा और बुरा असर संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों पर पड़ा है, जिसके जरिए दुनियाभर में कई मानवीय सहायता पहुंचाई जा रही हैं। द गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप के नए आदेश के बाद यूएन एजेंसियों ने अपने खर्चों और मानवीय सहायता कार्यों में भी कटौती शुरू कर दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी, ह।ष्टक्र के प्रमुख फिलिपो ग्रांडी ने कर्मचारियों को रात में ईमेल भेजकर सभी तरह के खर्च पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है। ईमेल में कहा गया है कि आपात स्थिति को छोड़कर नई सप्लाई ऑर्डर में 90 दिन की देरी, भर्ती और अनुबंध पर रोक और सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा पर रोक होगी क्योंकि एजेंसी अमेरिका द्वारा फंड रोके जाने की समस्या से निपटने की कोशिश कर रही है। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी फिलहाल 136 देशों में अपने घरों से जबरन विस्थापित हुए 12.2 करोड़ लोगों को जीवन रक्षक सहायता प्रदान कर रही है। ग्रांडी ने अपने मेल में लिखा है कि ह।ष्टक्र के अलावा संयुक्त राष्ट्र की अधिकांश एजेंसियां और अन्य इंटरनेशनल संस्थाएं ट्रंप के ऐक्शन से प्रभावित हुई हैं और दुनियाभर में मानवीय सहायता कार्यों में बाधा आई है। कई संस्थाओं को कर्मचारियों को निकालने पर मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि केवल आपातकालीन खाद्य कार्यक्रम और सहयोगी इजरायल और मिस्र को सैन्य सहायता को छूट दी गई है।




### सात महिला नक्सलियों समेत 29 माओवादियों का आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाये जा रहे आत्मसमर्पण नीति 'माड़ बचाओ अभियान' के तहत बुधवार को सात महिला नक्सलियों समेत 29 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि कुतुल एरिया के माओवादियों ने पहली बार आत्मसर्पण किया जिससे नक्सली संगठन को काफी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि संगठन के विचारों और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक भतभेद के चलते स्थानीय नक्सलियों में बड़ा आक्रोश है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित माओवादियों में जनताना सरकार, मिलिश, सीएलएम, कृषि सदस्य, पंचायत सरकार अध्यक्ष के सदस्य शामिल हैं। जिले में अबतक 71 से अधिक बड़े-छोटे कैडर के नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

# वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की मुहर

## मगर विपक्ष ने काटा बवाल, बताया लोकतंत्र का काला दिन

एजेंसी




**नई दिल्ली।** संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने वक्फ (संशोधन) बिल 2024 की ड्राफ्ट रिपोर्ट और संशोधित बिल को बुधवार को बहुमत से मंजूरी दे दी। समिति के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने मीडिया को बताया कि विपक्षी सांसदों को असहमति पत्र (डिसेंट नोट) जमा करने के लिए शाम 4 बजे तक का वक्त दिया गया है। इस फैसले से विपक्ष खासा नाराज दिखा, क्योंकि समिति ने एनडीए सांसदों के सभी संशोधनों को मंजूर कर लिया, जबकि कांग्रेस, एआईएमआईएम, टीएमसी, शिवसेना (उद्धव गुट) और वाम दलों के सुझावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। विपक्षी पार्टीयों का दावा है कि मंगलवार को सांसदों को 600 से ज्यादा पन्नों की ड्राफ्ट रिपोर्ट दी गई थी, जिसे पढ़कर अपनी आपत्ति दर्ज कराना लगभग नामुमकिन था। संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने वक्फ (संशोधन) बिल 2024 की ड्राफ्ट रिपोर्ट और संशोधित बिल को बुधवार को बहुमत से मंजूरी दे दी। समिति के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने मीडिया को बताया कि विपक्षी सांसदों को असहमति पत्र (डिसेंट नोट) जमा करने के लिए शाम 4 बजे तक का वक्त दिया गया है। इस फैसले से विपक्ष खासा नाराज दिखा, क्योंकि समिति ने एनडीए सांसदों के सभी संशोधनों को मंजूर कर लिया, जबकि कांग्रेस, एआईएमआईएम, टीएमसी, शिवसेना (उद्धव गुट) और वाम दलों के सुझावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। विपक्षी पार्टीयों का दावा है कि मंगलवार को सांसदों को 600 से ज्यादा पन्नों की ड्राफ्ट रिपोर्ट दी गई थी, जिसे पढ़कर अपनी आपत्ति दर्ज कराना लगभग नामुमकिन था। शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद अरविंद सावंत ने कहा, मैंने असहमति पत्र जमा कर दिया है क्योंकि इस बिल को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। इसे न्याय के लिए नहीं, बल्कि राजनीतिक मकसद से आगे बढ़ाया जा रहा है। यहां तक कि संविधान की भी अनदेखी की जा रही है।





# अल्प समय के लिए प्रयागराज जा रहे हैं वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से रोका गया

## प्रयागराज जाने वाले संयम बरतें और जिला प्रशासन का करें सहयोग : जिलाधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला प्रशासन प्रयागराज की सूचना के अनुसार मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है जिसके कारण अल्पसमय के लिए प्रयागराज जाने वाले वाहनों का आवागमन रोका गया है जिससे व्यवस्थाए सुचारू रूप से संचालित हो सके।



जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं से अभी प्रयागराज न जाने तथा संयम बरतने के साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग करने का विनम्र अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सुबह से ही मछलीशहर, सतहरिया इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहरने, शौचालय पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज, लोहिया पार्क सहित अन्य जगहों पर नि:शुल्क ठहरने, उनके खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारीगण सुबह से ही सक्रिय होकर कार्य कर रहे है।

# रील बनाने के चक्कर मे घर से भागी तीन किशोरियों को पुलिस ने किया बरामद

### छह घण्टे को भीतर पुलिस को मिली सफलता, किशोरियों को किया परिजनों को सुपुर्द




शकुन टाइम्स संवाददाता

**खेतासराय /जौनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव के परिजनों को बगैर बताए घर से गायब तीन किशोरियों को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से छह घंटे के अंदर भंडारी रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया।

पुलिस ने तीनों किशोरियों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया। तीनों किशोरियां एक ही गांव की बताई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि खेतासराय थाना क्षेत्र के एक गांव की तीन किशोरियां रील बनाने के चक्कर में परिजनों को बिना बताए सोमवार को घर से निकल गई। मंगलवार को एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री जौनपुर के एक कालेज में पढ़ती है। अपने दो सहेलियों के साथ कहीं लापता हो गई। महिला की शिकायत पर पुलिस सक्रिय हो गई। सर्विलांस की मदद से सूचना के छह घंटे के अंदर तीनों किशोरियों को भंडारी रेलवे स्टेशन से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# संक्षिप्त सामाचार

## अपहरण के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** थाना फूलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर अन्डर पास के पास से अपहरण के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त सूरज पटेल पुत्र जगरनाथ पटेल नि0 ग्राम बरही नेवादा थाना फूलपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 रितेश कुमार,हे0का0 अरविन्द कुमार रहे।

## सबसे कम उम्र की नेपाली सांसद ने रामलला का दर्शनकर किया

**अयोध्या।** नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सबसे कम उम्र की सांसद विनीता कठायत परिवार के साथ प्रयागराज महा कुंभ में स्नान कर रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंची। उन्होंने रामलला का दर्शन करने के बाद मां सरयू का भी दर्शन किया। इस दौरान अयोध्या की भव्यता को देखकर अयोध्या की बिना तारीफकिए नहीं रह पाई। उन्होंने सीएम योगी और मोदी की भी तारीफकी ।अयोध्या दर्शन करने की बाद वे लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात भी करेंगी। नेपाल और भारत के संबंधों के साथ साथ नेपाल और उत्तर प्रदेश के संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में भी बातचीत होगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा की प्रयागराज के महाकुंभ में थोड़ी सी कुछ दिक्कतें आई है जिसके कारण सीएम योगी महाकुंभ की निगरानी कर रहे हैं लेकिन उनकी मुलाकात होगी। उन्होंने तारीफकरते हुए कहा कि जिस तरह से सीएम योगी खुद महाकुंभ की निगरानी कर रहे हैं यह वाकई में काबिले तारीफहै। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारत सरकार और यूपी सरकार ने अयोध्या में व्यवस्थाएं की है वह बहुत ही खूबसूरत है, लोग यहां आए राम लला का दर्शन करें और नेपाल के जनकपुर भी आए। विनीता कठायत ने कहा कि मित्र राष्ट्रों से और मित्रता बढ़ाई जाए इसके लिए मैं पहल कर रही हूं, वैसे भी भारत और नेपाल का प्राचीन और सांस्कृतिक संबंध रहा है। सरयू नदी में आचमन भी किया यह वही सरयू है जो नेपाल से आई है मुझे बड़ा गर्व महसूस होता है कि मैं जहां की रहने वाली हूं वह नदी वहीं से आई है। उत्तर प्रदेश और नेपाल से बहुत अच्छे संबंध है यह संबंध और कैसे मजबूत हो सकता है इस पर भी सीएम योगी से बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर सीएम योगी को धन्यवाद भी देना है क्योंकि महाकुंभ में केवल भारत के ही लोग नहीं नेपाल के लोग भी आते हैं।

## अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सुरक्षा परखी,एडीजी,कमिश्नर व आईजी अयोध्या पहुंचे

**अयोध्या।** प्रयागराज महाकुंभ से मौनी अमावस्या का स्नान कर लौटने वाली भक्तों की भीड़ को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।एडीजी,कमिश्नर व आईजी ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को परखा और आवश्यक निर्देश देकर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हर हाल में बेहतर रखने के निर्देश दिए। इससे पहले एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर, मंडलायुक्त गौरव दयाल ,आईजी प्रवीण कुमार डीआईजी देवीपाटन मंडल अमित पाठक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा येलो जोन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त व आईजी द्वारा कंट्रोल रूम में लगी स्क्रीन से अयोध्या के प्रमुख स्थलों व क्राउड कन्ट्रोल से जुड़े संवेदनशील स्थलों के संबंध में ब्रीफकिया गया। दूसरी ओर डीएम चंद्रविजय सिंह और एसएसपी राजकरण नैय्यर ने नयाघाट बंधा तिराहा,हनुमानगढ़ी,रामजन्मभूमि पथ और सरयू स्नानघाटों का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया।

# श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ेः जिलाधिकारी




शकुन टाइम्स संवाददाता

**मुंगराबादशाहपुर /जौनपुर।** सतहरिया क्षेत्र में प्रयागराज मेला क्षेत्र में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन के द्वारा नाश्ता, खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की उपस्थिति में श्रद्धालुओं को लंच पैकेट, बिस्कुट, भोजन, पेयजल आदि उपलब्ध कराया जा रहा है, जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# कृष्णा इंटरप्राइजेज के सौजन्य से बरम बाबा स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में विशाल हैंड ड्रम क्रिकेट मैच का हुआ समापन

शकुन टाइम्स संवाददाता



- खेल से शारीरिक,मानसिक व बौद्धिक तीनों प्रकार का विकास होता है-वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप पटेल
- स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है यह खेल के द्वारा ही संभव है-युवा समाजसेवी पंकज चौधरी

**बड़ागांव/वाराणसी।** स्थानीय क्षेत्र के विकासखंड बड़ा गांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसवां बाबतपुर एयरपोर्ट के पास कृष्णा इंटरप्राइजेज के सौजन्य से बरम बाबा विशाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जो 24 तारीख से लगातार 28 तारीख तक चला फाइनल मैच क कविरामपुर वह मंगरी के बीच खेला गया जो बेहद ही रोमांच पूर्ण मच रहा जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मंगारी ने निर्धारित सात ओवरों में अपने बल्लेबाजों के सूझबूझ व गुल्ली के 35 की बदौलत 43 रन बनाए।

वही जवाब में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए कविरामपुर ने एक ओवर पहले ही 44 रन बनाकर मैच को जीत लिया। वही मैन ऑफ द मैच शिवा रहे। प्रथम विजेता को ?20000 नगद ,एक बड़ा कप और नौ शर्ट देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय विजेता को ?10000 एक बड़ा कप नौ टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। वही मैच का समापन करने पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप पटेल ने बताया कि इस समय हैंड ड्रम मैच की बाढ़ आ गई है जाड़े के मौसम में हर गांव में हैंड ड्रम मैच खेले जा रहे हैं जो खिलाड़ियों के लिए बेहद ही फायदेमंद होते हैं, क्योंकि इस मैच से खिलाड़ियों को गेंद को संरक्षित करने और ज्यादा देर तक टिककर खेलने का अनुभव बढ़ता है। खेल से शारीरिक,मानसिक और बौद्धिक तीनों प्रकार का विकास होता है ।वही युवा समाजसेवी व युवा दिलों की धड़कन कहे जाने वाले पंकज चौधरी ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है यह खेल के द्वारा ही संभव है तमाम चीजे युवा समाज सेवी ने बताया। वही कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप पटेल,युवा समाजसेवी पंकज चौधरी, जिला पंचायत सदस्य रमेश कुमार, शरद चंद यादव प्रधान, प्रहलाद सोनकर पूर्व प्रधान, अमर बहादुर, रवि पटेल बीडीसी, विकास दुबे, विमल मिश्रा उर्फ राजू ,आशीष कुमार, विजय सिंह पत्रकार गप्पू राजभर पत्रकार और कमेटी के सचिन सोनकर, अभिषेक सोनकर, रूपेश सोनकर, वकील सोनकर, विशाल सोनकर और कृष्णा इंटरप्राइजेज के मालिक मुकेश सोनकर द्वारा पूरे मैच की व्यवस्था कराई गई थी। वहीं अंत में मुकेश सोनकर ने बताया कि शालीनता और ईमानदारी के साथ कराया गया।

# जौनपुर की बेटी को मिला राष्ट्रीय मैथिली शरण गुप्त सम्मान


शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** जिले की बेटी प्रख्यात साहित्यकार डॉ.नीरजा माधव को मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित अलंकरण समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय मैथिली शरण गुप्त सम्मान प्रदान किया। इस सम्मान के तहत उन्हें ?पांच लाख की राशि, सम्मान पट्टिका, शाल और श्रीफल प्रदान किया गया।



ज्ञातव्य है कि यह पुरस्कार मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग की ओर से दिया जाने वाला राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है जो प्रति वर्ष पूरे देश में किसी एक साहित्यकार को दिया जाता है। इसके पूर्व भी डॉ.नीरजा माधव को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का साहित्य भूषण और यशपाल सम्मान, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी सम्मान, डॉ.हेडगेवार प्रज्ञा सम्मान, राष्ट्रीय साहित्य सर्जक सम्मान तथा सर्वोच्च महिला नागरिक सम्मान नारी शक्ति पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उनके उपन्यास और कहानियां विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में पढ़ाए जाते हैं। अभी हाल में ही भारत सरकार ने डॉ. नीरजा माधव को शिक्षा मंत्रालय के लेखक सदस्य के रूप में नामित किया है। वह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कबीर अकादमी की सदस्य भी नामित की गई हैं।

# तीन शंकराकार्यों ने एक साथ लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** आज मौनी अमावास्या के पावन पर्व पर मध्याह्न के अभिजित मुहूर्त में शुभ चौघड़िया में त्रिवेणी की पूजा के बाद तीनों पीठों के शंकराचार्यों ने एकसाथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। पूज्यपाद श्रृंगेरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी विधुशेखर भारती जी महाराज,पूज्यपाद द्वार का शारदा पीठा धीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज,परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती 1008 जी महाराज। त्रिवेणी संगम में स्नान के दौरान तीनों पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने समवेत स्वर में कहा कि भारतीय संस्कृति का आज सर्वश्रेष्ठ पर्व है। और हमलोगों को त्रिवेणी संगम में स्नान कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हो रही है। उक्त जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने दी है।

# बरेका के राजभाषा विभाग द्वारा 'सेवानिवृत्ति के उपरांत वित्तीय एवं चिकित्सीय लाभ' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बनारस/वाराणसी।** महाप्रबंधक, बरेका, नरेश पाल सिंह, के निर्देशन में बनारस रेल इंजन कारखाना राजभाषा विभाग द्वारा आज दिनांक 29.01.2025 को सेवानिवृत्ति के उपरांत वित्तीय एवं चिकित्सीवय लाभ विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोर्ष्ठी में सेवानिवृत्ति के उपरांत वित्तीय एवं चिकित्सीय लाभों की जानकारी विस्तारि से दी गयी। घनश्याभम दुबे, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी ने पेंशन, पारिवारिक पेंशन, ग्रेच्यु ?टी, भविष्य निधि, अवकाश नगदीकरण इत्यादि से संबंधित वित्तीय लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अमित गुप्ता, मंडल चिकित्सा अधिकारी ने कर्मचारियों को मिलने वाले चिकित्सीय लाभ के बारे में बताया। विचार गोष्ठी में मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सर्विस इंजीनियरिंग श्री नीरज जैन, मुख्य सामग्री प्रबंधक आशीष कुमार अग्रवाल, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर/डीजल, प्रवीण कुमार, मुख्य गुणवत्ता आश्वासन प्रबंधक, राम जन्म चौबे, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/संयंत्र, एस. के.सिंह, के साथ ही बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विचार गोष्ठी/ का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, डॉ संजय कुमार सिंह ने किया।



# मां मारुका देवी शिक्षण संस्थान में भव्य गणतंत्र दिवस का हुआ आयोजन

- 76 वें गणतंत्र दिवस पर हुआ ध्वजारोहण किया गया शहीदों को नमन
- मां मारुका देवी शिक्षण संस्थान गंगा,जमुना तहजीब को कर रहा है प्रदर्शित -विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशू

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जलालपुर/जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के विकासखंड जलालपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिन्द में स्थित मां मारुका देवी शिक्षण संस्थान बिन्द खेवसीपुर में भव्य गणतंत्र दिवस का हुआ आयोजन। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंशु विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक केराकत गुलाबचंद सरोज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, जमील खान सिविल इंजीनियर, डॉक्टर संगीता दुबे अनमोल पाली क्लीनिक फूलपुर रही। वही आपको बताते चले कि मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंशु ने गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए बताया कि आज हम लोगों के लिए एवं पूरे देश के लिए गौरवन्तित करने वाला दिन है गणतंत्र दिवस मात्र नाम मात्र ही से मन में देश के प्रति समाज के प्रति परिवार के प्रति निष्ठा ईमानदारी से जीवन को आगे बढ़ाने एवं महापुरुषों के द्वारा दिए गए बलिदानों को याद करके एवं उस पर चलकर युवा पीढ़ी के द्वारा ही भारत देश का विकास संभव इसमें मैं अकेले ही नहीं सभी लोगों की सहभागिता बहुत ही जरूरी है उन्होंने यह भी कहा कि यह त्यौहार हमारा गंगा जमुनी तहजीब को दर्शाता है क्योंकि देश के आजादी में सबकी भागीदारी बराबर रही। सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर बलिदान देकर देश को आजाद कराया। इसलिए हमें देश के प्रति सच्ची निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। और हमें इन वीर महापुरुषों के बलिदानों को व्यर्थ न होने देना है। हमारा देश सोने की चिड़िया था ऐसे देश में रहते हैं। जहां का हर कंकड़ शंकर है,जहां गंगा, जमुना, सरस्वती पाप दाहिनी नदियां हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल ,महात्मा गांधी ,सुभाष चंद्र बोस, डॉ भीमराव अंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह ,राजगुरु जैसे तमाम लोगों ने देश के लिए जो किया है आज गणतंत्र दिवस के रूप में हम लोग को याद कर रहे हैं लेकिन युवा पीढ़ी को इससे सीख लेकर देश कार्य करना। कार्यक्रम में आए तमाम वक्ताओं ने अपने विचारों को स्वच्छंद पूर्वक रखा और देश की इन तमाम महापुरुषों की वीर गाथाओं के द्वारा सीख लेकर समाज देश एवं परिवार के प्रतिकार करने की निष्ठा ईमानदारी के साथ शपथ दिलाई। वही विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति, दहेज प्रथा, समाज उत्पीड़न जैसे तमाम नाटकों के माध्यम से आए हुए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सहित तमाम लोगों को मन मुक्त कर दिया।सभी के आंखें खुशी के अश्रु से भर गई। इस अवसर पर डिंपू सिंह, निहाला सिंह ,विजय मिश्रा, संजय सरोज प्रधान, मनोज सिंह सगेलु ,लाल प्रताप सिंह ,दिनेश उपाध्याय प्रबंधक मां मारुका देवी शिक्षण संस्थान ,संतोष पाठक , विनय श्रीवास्तव ,अमित सरोज, रामप्यारे यादव ,महेंद्र ,उपेंद्र उपाध्याय एड सहित तमाम वरिष्ठ समाजसेवी पहुंचे हुए थे।







सभी ने विद्यालय परिवार सहित बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा आपका भविष्य उज्जवल हो। वहीं अंत में प्रबंधक दिनेश उपाध्याय ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस पार्टी के नेता बोले लापरवाही के कारण हुई घटना

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोण्डा।** करनैलगंज में उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव ने महाकुंभ मेले से वीआईपी कल्चर खत्म किए जाने की माँग की है। साथ ही उन्होंने नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 50 हजार वोटो से हारने की बात मीडिया से बातचीत करते हुए कहा है। आपको दे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी इन दोनों अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है। बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कांग्रेस पार्टी खुद को मजबूत कर रही है। गोंडा जिले के करनैलगंज मे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी ने पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं मुलाकात की। मीडिया से वार्ता करते हुए।

उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ मेले में हुई घटना पर दुख जताते हुए कहां की प्रयागराज आस्था का संगम है पौराणिक काल का संगम है उस पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। मेले से वीआईपी कल्चर को खत्म कर देना चाहिए। घटना को लेकर दुख जताते हुए उन्होंने कहा लापरवाही हुई है प्रशासन को और व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने मंदिरों और मेलों से वीआईपी कल्चर खत्म करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि वीआईपी कल्चर हमारी धार्मिक आस्था पर बड़ी चोट है। उन्होंने देशवासियों से अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही मृतक लोगों के परिजनों को एक-एक करोड रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोकी नाथ तिवारी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव पर पूछेगा सवाल का जवाब देते हुए केजरीवाल धोखे से दिल्ली का चुनाव जीत गए। लोगों को बेवकूफ बनाकर 11 साल से दिल्ली के चीफमिनिस्टर रहे। शराब घोटाला किये कई घोटाला किये केजरीवाल को जनता नई दिल्ली ही नहीं सारी सीटों पर चुनाव कराने जा रही है।

केजरीवाल पर उन्होंने पूर्वांचलों का अपमान करने का बड़ा आरोप लगाया है। वही रमेश बिधूड़ी को भाजपा का सबसे गंदा आदमी बताया है उन्होंने आम आदमी पार्टी को भाजपा की भी टीम बताते हुए केजरीवाल की 50 हजार वोटो से हारने की भविष्यवाणी की है।



# घर का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाया समान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** मुजुरी पनियरा एन एच 328 मार्ग पर पेट्रोल पंप लगभग 200 मीटर पहले सुनसान घर देखकर अज्ञात चोरों ने घर। का ताला तोड़कर घर में रखा काफी सामान उड़ाया । पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामनगर निवासी मनोज पासवान ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनके बहनोई लक्ष्मण प्रसाद का घर ग्राम सभा माधोनगर आचारी टोला एन एच 328 मार्ग के किनारे मकान है जो ताला बंद कर बाहर जयपुर में परिवार के साथ रहते हैं मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर घर



में रखा सिलाई मशीन, टीवी, गहनें व, कपड़े चुरा ले गये। आसपास के लोगों की सूचना पर सुबह जब देखा गया तो दरवाजे का ताला टूटा था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। उक्त सामान गायब था इस संबंध में चौकी प्रभारी मुजुरी अनिल कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिला है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## मारुति कार की चपेट में आने से दो बाइक सवार लोग बुरी तरह घायल

**महराजगंज।** पनियरा एन एच 328 पनियरा –परतावल मार्ग पर टेमर नाला पुल के पास बुधवार को दिन में करीब दो बजे मारुती कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें पुलिस की मदद से पीएचसी पनियरा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। खबर के अनुसार बस्ती जिला के कलवारी थाना अंतर्गत ग्राम सभा सरदही निवासी राहुल शर्मा उम्र 36वर्ष और कानपुर निवासी मनीष शर्मा उम्र 35 वर्ष एक बाइक पर सवार होकर कप्तानगंज जा रहे थे टेमर नाला पुल के पास मारुति के चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। पनियरा पुलिस ने दोनों को पीएचसी पनियरा में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## महाकुम्भ व मौनी अमावस्या पर निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं आवश्यक दवा वितरण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बांदा।** अतर्रा रोड़ बेज बस स्टैण्ड बांदा रोड़ में अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी टेलीक्लिनक एवं अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट व जगतपिता ब्रह्मदेव धर्मार्थ न्यास के सहयोग से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अतर्रा बस स्टैण्ड बांदा रोड़ अतर्रा में किया गया शिविर का शुभारम्भ भगवान धनवंतरी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्ण माल्यार्ण न्यास प्रभारी डा. स्मिता त्रिपाठी डा. अनुराग द्विवेदी डा. शिवाशीष पाण्डेय डा. पदम चौरिहा डा. मनोज अग्रवाल एवं महिला रोग विशेषज्ञ डा. अनुजा अग्रवाल द्वारा किया गया स्वास्थ्य शिविर में मेला श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया शिविर में नगर के तमाम प्रतिष्ठित वरिष्ठजनो यथा श्री शिवमोहन गुप्त लोक तंत्र सेनानी एवं आत्माराम शुक्ला अर्जुन




मिश्रा सहित कई लोगोने भाग ले कर शिविर को सफल बनाया शिविर में लगभग एक सैकड़ा से अधिक राहगीरो श्रद्धालुओं मारीजो को निःशुल्क दवा वितरण समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अतर्रा के सहयोग से किया गया।

## एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने किया फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण

♦ शीघ्र फॉर्मर रजिस्ट्री कराये अन्यथा रुक जाएगी किसान सम्मान निधि की किस्त- मोनालिसा जौहरी एसडीएम खतौली



शकुन टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** आज बुधवार को एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने ग्राम भायँगी,खतौली रूरल, नगर, गंगनहर आदि विभिन्न ग्रामों में फार्मर रजिस्ट्री के कैंपों का स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही जन सेवा केन्द्रों का भी एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान किसानों की खतौनी एवं आधार कार्ड का अवलोकन करते हुए एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने अपनी देखरेख में फार्मर रजिस्ट्री का रजिस्ट्रेशन करवाया उन्होंने मौके पर उपस्थित लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करके किसानों का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने स्वयं भी गांव में गली–गली में स्वयं पैदल घूम कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराने के लिए जागरूक किया और इस बारे में संपूर्ण जानकारी दी एसडीएम ने बताया कि किसान सम्मान निधि पाने वाले सभी किसान लाभार्थियों को अब फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराना होगी। जिसके लिए कृषकों द्वारा 4 प्रकार से फार्मर रजिस्ट्री कराई जा सकती है। जैसे 1. कैम्प के माध्यम से जनपद के विभिन्न ग्रामों में दिनांक 02.12.2024 से दिनांक 31.01.2025 तक विभिन्न तिथियों में एक लेखपाल तथा कृषि, पंचायत विभाग, ग्राम्य विकास आदि के कर्मचारी की दो सदस्यीय टीम द्वारा ग्राम वार कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। कैंप में किसानों को अपने आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल एवं खतौनी की छायाप्रत्ति के साथ उपस्थित होना होगा। कैंप में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य नि:शुल्क कियाजाएगा। 2. जन सेवा केन्द्र (सी.एच.सी) कृषक अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र के माध्यम से शासन द्वारा निर्धारित शुल्क देकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते है। इस हेतु कृषक को अपने आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल एवं खतौनी की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा

3. सेल्फ मोड कृषक upfr.agristack.gov.in पर फार्मर आपेंशन पर जाकर अपने आधार कार्ड के माध्यम से लॉग ईन करते हुए अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते है।

4. फार्मर सहायक यू0पी0 ऐप कृषक श्पlay store âð farmer sahayak up app downद्यश्वड्डस्र करके साईन अप ऑपशन पर जाकर आधार के माध्यम से लॉग ईन आई0डी0 किऐट करते हुए अपनी तथा परिवार के अन्य सदस्य कृषको की फार्मर रजिस्ट्री करा सकते है।

# मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी,

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोण्डा।** मौनी अमावस्या के पर्व पर बुधवार को फलाहारी धाम के टेढ़ी नदी में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव को जलाभिषेक किया। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नैन कटौली में स्थित फलाहारी धाम के टेढ़ी नदी पर सुबह से ही क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए भगवान शिव को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान भगवान शिव मंदिर पर भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। मेला की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया अरविंद कुमार सिंह, उप निरीक्षक श्री कृष्णा, धर्मेंद्र यादव, गुलाब



सिंह, सहित भारी संख्या में महिला व पुरुष आरक्षी मौजूद रहे। मेला शांतिपूर्ण संपन्न होने पर मंदिर के महान सिद्धार्थ दास ने मेले में आए सभी श्रद्धालुओं ,व पुलिस प्रशासन का अभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले की रैंकिंग रहे सही: जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की हुई बैठक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**देवरिया।** जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय ) की बैठक मंगलवार की देर शाम जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में धन्वंतरि सभागार में हुई। जिलाधिकारी व मुख्यविकास अधिकारी ने सभी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों व अन्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराए, जिससे कि जनपद की रैंकिंग सही रहे। हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदन शीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखे और सभी




अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। प्रभारी चिकित्साधिकरियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्र के आशा एवं एएनएम की समय–समय पर बैठक करते रहे एवं जिनकी कार्य की प्रगति ठीक नहीं है, कि रिपोर्ट से भी अवगत कराए। उन्होंने कहा जिन आशाओं का कार्य सही नही है, को नियमानुसार नोटिस देते हुए कार्यवाई की जाय। जो भी नई आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कराया जा रहा है उनके दस्तावेजों की जांच जरूर करें।

गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराए, जिससे कि जनपद की रैंकिंग सही रहे। सीडीओ प्रत्युष पाण्डेय ने कहा 100 दिवसीय टीबी अभियान में अधिक से अधिक स्क्रीनिंग की जाए ताकि छुपे हुए टीबी के मरीजों की खोज की जा सके, टीबी मरीजों की अच्छी देखभाल करें। जिनमे लक्षण न हो उनका एक्स–रे कराया जाए। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर व्यापक प्रचार प्रसार कर निक्षय शिविर के माध्यम से मोबाईल एक्स रे मशीन से अधिक से अधिक लोगों का एक्स रे कराया जाए। अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाए जाएं और टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली दी जाए। बैठक में एसीएमओ डॉ अजय शाही, एसीएमओ डॉ एसके सिन्हा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डीएमओ डॉ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर मांगा केन मां से आशीर्वाद

**बांदा।** जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि केन जल की मंगल आरती श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ संपन्न की। यह आरती कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को बांदा नगर क्षेत्र अंतर्गत भूरागढ़ क्षेत्र के केन नदी घाट पर आयोजित किया जाता है, इसका आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयोजकत्व में किया जाता है। मितेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य नदियों की महत्ता बताना, नदियों के अस्तित्व को बचाए रखना, नदी के संरक्षण तथा मानव जीवन में इन नदियों के महत्व को लेकर जागरूक करना है। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य पधारे हुए श्रद्धालुओं ने केन मां की मंगल आरती की और हाथ जोड़कर केन मां से आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के जिलाध्यक्ष एवं गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने अपने वक्तव्य में कहा कि केन मां हम सबकी जीवनदायनी है।

# अवैध शस्त्रों/कारतूसों की तस्करी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें से भारी मात्रा में अवैध असलहा, कारतूस बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बुलंदशहर।** दिनांक– 28/29–01–2025 की रात्रि मे थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर डीएम रोड पर बने रेलवे के खण्डर मकान के पास से अवैध असलहा व कारतूस की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तो को भारी मात्रा मे अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं– 72/25 धारा 3/25/30/25(6) शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता– 1. साजिद पुत्र हाजी हनीफ निवासी म0नं0 136 सुशीला विहार–2 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहार। 2. जाहिद पुत्र अय्यूब निवासी मौ0 मिर्दगान,



ऊपरकोड थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। हाल पता– मो0सरायकाजी लियाकत पहलवान के घर के पास थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहार बरामदगी 1– 01 तमंचा 315 बोर मय 125 जिंदा कारतूस 2– 01 पिस्टल 32 बोर (लाइसेंसी) मय 02 मय मैगजीन,48 जिन्दा कारतूस 3– 01 राईफल 315 बोर (लाइसेंसी)4– 01 गन 12 बोर (लाइसेंसी) 5– 30 जिन्दा कारतसू 12 बोर गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर अवैध शस्त्र/कारतूस की तस्करी कर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता है।

**अभियुक्त साजिद का आपराधिक इतिहास–**

1.मुअसं– 108/06 धारा 63 कॉपीराइट एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। 2. मुअसं– 875/14 धारा 307/34/504 भादव थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। 3. मुअसं– 72/25 धारा 3/25/30/25(6) शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

**अभियुक्त जाहिद का आपराधिक इतिहास–**

1. मुअसं– 72/25 धारा 3/25/30/25(6) शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात 2. कृष्ण कुमार गौतम, जावेद हुसैन, बलवीर सिंह, मनीष यादव 3. अंकित चौहान, उत्कर्ष कुमार

# बड़ोखर बुजुर्ग में 200 महिलाएं व 100 पुरुषों को किया गया कम्बल वितरण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**बांदा।** ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग में वरिष्ठ समाजसेवी रामजस द्विवेदी भारतीय जनता पार्टी महुआ मंडल के मंडल अध्यक्ष प्रेम स्वरूप द्विवेदी राजेश राम भक्त राघव भैया, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर कुंवर विनोद राजा, प्रधान प्रतिनिधि बुद्ध विलास बंगाली बाबा, जिला पंचायत सदस्य सदाशिव अनुरागी कुंवर अरुण प्रताप सिंह के द्वारा महिला व पुरुष को कम्बल का वितरण कार्यक्रम किया गया। ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग की 200 महिलाओं को विशेष वरीयता देकर के अति गरीब, असहयों महिलाओं को कम्बल दिए गए। कम्बल वितरण कार्यक्रम में कालका प्रसाद बुरी नाथू लाला गिरजा फुलमतिया बसंत कुटिया अड्डू मछली प्रेमा देवी रामकटिया शिव देवी बलराम बारा रामदुलारी अशोक द्विवेदी पिंटू शुक्ला रंजन साहू मल्टी बिशोसर रघुवीर

सुखरानिया रामशरण खुमानिया रेशमा राजा बेटी नाथू करी सिपाही लाल सिया दुलारी देसिया जगिया लोधी कांची भाईराम दिन कलुआ बुढ़वा शकुंतला लक्ष्मी आदि महिला व पुरुषों को कम्बल वितरण किया गया!

# बीएसए अतुल तिवारी ने बुधवार को क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक परिषदीय विद्यालय बिना मान्यता के चल रहे निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोण्डा।** अधिकतम परिषदीय विद्यालय में शिक्षक व छात्र की उपस्थिति बहुत कम रही तो वही बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों को शीघ्र ही बंद कर स्थानीय परिषदीय विद्यालय में बच्चों का नामांकन कराने का निर्देश दिया। बीएसए अतुल तिवारी ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे प्रशिक्षण, कंपोजिट विद्यालय बनगाई , पिपरा चौबे, गोकरननाथ शिवाला, मंगल नगर, सहित बिना मान्यता के चल रहे निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र एवं परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक छात्र उपस्थित कम होने एवं क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों के बंद न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को शीघ्र ही सभी पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया इसी प्रकार बीईओ मनीष कुमार सिंह ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दसई पुरवा, रायपुर ब्रह्मचारी व मल्लापुर सहित कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें छात्रों की उपस्थिति कम मिलने पर संबंधित विद्यालय के शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए विद्यालयों में शिक्षक छात्र उपस्थिति व अपार आईडी शत् प्रतिशत जनरेट करने का निर्देश दिया।

## चरेगांव धान केंद्र प्रभारी की आत्महत्या का मामला, सहकारी कर्मचारी महासंघ ने बताई समस्याएं और मृतक के परिजनों को सहायता की करी मांग

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लामता तहसील अंतर्गत ग्राम चरेगांव में स्थित सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र प्रभारी जितेंद्र बिसेन ने दो दिन पहले समिति कार्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी ।उसके द्वारा पत्नी को वाट्सअप पर भेजे गए सुसाइड नोट और अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है इधर सहकारी कर्मचारी महासंघ ने बैठक लेकर मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता देने तथा धान उपार्जन में आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

र्मचारी महासंघ के अध्यक्ष और सचिव ने बताया कि मृतक के दो छोटे बच्चे हैं, घर की माली हालत ठीक नहीं है। ऐसे में उसके परिजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र दिया जाए। साथ ही बताया कि महासंघ ने धान उपार्जन के दौरान केंद्र प्रभारियों को आने वाली दिक्कतों से शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराते हुए समितियों द्वारा धान खरीदी ना कराए जाने निवेदन किया गया था ।किंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया ।हर साल केंद्र प्रभारियों को धान शॉर्टेज का नुकसान उठाना पड़ता है ।धान उपार्जन के बाद परिवहन की समुचित व्यवस्था और रास्ते में धान चोरी होने का खामियाजा भी केंद्र प्रभारी को उठाना पड़ता है ।मृतक अनिल करड़े चरेगांव समिति का कंप्यूटर ऑपरेटर था जिसे खरीदी प्रभारी भी बना दिया गया था

# मौनी अमावस्या पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**देवरिया।** मौनी अमावस्या पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर ने लगातार घाटों पर भ्रमण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ–साथ यातायात व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया।

इस दौरान, ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए ताकि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं को पूरी सहूलियत प्रदान करने, और यातायात के सुगम संचालन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जा रही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वृहद सामूहिक विवाह का आयोजन नुमाइश मैदान में किया गया संपन्न

## 1017 नव विवाहित जोड़ों का विवाह अपने-अपने धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार कराया गया संपन्न

♦ वर वधुओं को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा दिया गया आशीर्वाद की गई उज्जवल भविष्य की कामना सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को किया जा रहा है लाभान्वित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** दिनांक 29 जनवरी 2025 माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश शासन कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में आज




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय वृदह सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से नुमाइश मैदान मेरठ रोड पर आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1017 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 295 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ एवं 722 हिंदू जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश शासन कपिल देव अग्रवाल को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। माननीय मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि जब बेटी बड़ी हो जाती है तो माता–पिता को चिंता होती है की बेटी पढ़ गई है, ऐसी संवेदना पिता के मन में होती है, ऐसी संवेदना मा0 भारत के प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में मा0 प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्रीजी उत्तर प्रदेश की बेटियों को बेटियां समझते हैं वह हिंदू की बेटी हो या मुस्लिम की बेटी हो उसको अपनी बेटी मानते हैं, गरीब की बेटी को कन्यादान/आशीर्वाद कैसे दिया जाए, इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत उन सभी गरीब की बेटियों को आज प्रति नव विवाहित जोड़े के लिए 51000 धनराशि प्रदान की जा रही है और वधू के लिए ?35000 सीधे उनके खाते में भेजे जा रहे हैं, वधु के लिए शादी का जोड़ा, एक जोड़ी पायल,एक जोड़ी बिछिया, वर के लिए एक जोड़ी पैंट शर्ट का कपड़ा, सहेरा , मुकुट, गमछा, 51 बर्तनों का डिनर सेट, प्रेशर कुकर, एवं ट्रॉली बैग, प्रदान किया गया। सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वर वधु को जिला प्रशासन की ओर से एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिया गया आशीर्वाद। माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि माननीय भारत के प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से कोई भी बेटी घर में बैठी नहीं रहेगी, सबके हाथ पीले होंगे सब अपने घर प्रसन्नतापूर्वक अपने घर जाएगी। उन्होंने आशीर्वाद देते हुए। कहां की वर एवं वधू दोनों ही अपने दायित्व को निभाते हुए अपना दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाने का कार्य सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहा है । चाहे वह कृषि क्षेत्र में हो औद्योगिक क्षेत्र में हो अथवा शिक्षा क्षेत्र में हो सभी क्षेत्र में सरकार समाज को आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को किया जा रहा है लाभान्वित। इस अवसर पर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने कहा कि आज यहां नुमाइश मैदान में 1017 जोड़ों का विवाह संपन्न हो रहा है यह विवाह एक रजिस्टर्ड विवाह है इस विवाह को सरकार द्वारा सम्मान दिया जा रहा है अपने–अपने रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराए जा रहे हैं यह बहुत खुशी की बात है आज एक साथ एक स्थान पर 1017 जोड़ों का विवाह संपन्न हो रहा है। उन्होंने वर वधु को सुखमय जीवन व्यतीत करने का आशीर्वाद दिया। माननीय विधायक मीरापुर श्रीमती मिथलेश पाल ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना सरकार द्वारा चलाई गई एक महत्वपूर्ण योजना है ।जिसके द्वारा किसी भी गरीब की बेटी घर पर बैठी नहीं रहेगी सभी के हाथ पीले होंगे और सभी अपना सुखमय जीवन व्यतीत करेंगे । उन्होंने वर वधु के रूप में नुमाइश मैदान के पंडाल में उपस्थित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप द्वारा वर वधु नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया।



# मौनी अमावस्या पर पश्चिम वाहिनीं गंगा में श्रद्धालुओं नें लगायी आस्था की डुबकी

## मौनी अमावस्या पर शृद्धालुओ ने मौन होकर किया स्नान दान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियां/चंदौली।** मौनी अमावस्या ( माघ मेला ) पर बुद्धवार को बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गंगा घाट खचाखच भरा पड़ा था। लाखो शृद्धालुओ ने पश्चिम वाहिनीं घाट पर पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान दान का सिलसिला भोर से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा। स्नानार्थियों व मेला की भीड़ के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती रही। अधिकारीद्वय चक्रमण करते रहे। बाल्मीकि इंटर कालेज फील्ड से लेकर चहनियां तक मेले में दुकानों पर खरीददारी करने वालो की भीड़ लगी रही। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर अलसुबह से ही गंगा तट पर स्नानार्थियों के आने का क्रम शुरू हो गया। समूचा गंगा घाट,राम घाट सराय स्नानार्थियों से पट गया। लाखो की संख्या में शृद्धालुओ के आने से जगह नही बची। आस्थावानों ने पतित पावनी मां गंगा के तट पर डुबकी लगाने के बाद हर हर गंगे,हर हर महादेव के उदघोष के साथ गुंजायमान रहा। गंगा स्नान के बाद शृद्धालुओ ने घाट पर साधु संतों व भिक्षुओं को दान पुण्डय किया । जिलाधिकारी निखिल टी फुडे के निर्देश के बाद स्नानार्थियों के सुरक्षा व सुबिधा के ब्यापक इंतजाम रहा । गंगा घाट के समीप रैन बसेरा,अस्थायी शौचालय व महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया था। भोर में स्नानार्थियों को घाट पर परेशानी न हो इसके लिए प्राथमिक बिद्यालय ,थाने से लेकर घाट तक जिला पंचायत विभाग लाइटिंग की ब्यवस्था दुरुस्त रही । घाट पर बैरिकेटिंग के साथ ही पुलिस, एनडीआरएफ की टीम,जल पुलिस टीम,गोताखोर की टीम स्नान के दौरान नाव बोर्ड पर चक्रमण कर खतरे से आगाह करती रही । घाट पर गंगा सेवा समिति के वालेंटियर लोगो की मदद में लगे रहे । उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा,क्षेत्राधिकारी रघुराज और बलुआ इंस्पेक्टर डॉ.आशीष मिश्रा के नेतृत्व में भारी मात्रा में फोर्स, चहनियां से लेकर बलुआ घाट पर चक्रमण करती रही ।

### मेले का लोगो ने उठाया आनन्द

बलुआ पश्चिम वाहिनीं के माघ मेले में वैसे तो चहनियां से लेकर बलुआ बाल्मीकि फील्ड में भीड़ रही किन्तु सर्वाधिक भीड़ बाल्मीकि इंटर कालेज के फील्ड पर दिखने को मिला। मेला में पत्थर की ओखली, जाता, सील, लोढ़ा, मसूर आदि की खूब बिक्री हुई। वही गुड़हिया जलेबी, चाट, पकौड़ी, मिष्ठान, सृंगार आदि की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखी। बच्चो व लोगो ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया ।

## गाजीपुर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने प्रयागराज महाकुंभ में जाने से रोका

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर ।** प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार सड़कों पर बनी हुई है। दूर-दराज से लोग ट्रेन बस और अपने प्राइवेट संसाधनों से प्रयागराज जाकर कुंभ स्नान करना चाहते हैं। ऐसे में गाजीपुर में भी भीड़ रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड और हाईवे पर नजर आ रही है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तादी से इसकी देखभाल और व्यवस्था के लिए लगा हुआ है। दरअसल प्रयागराज महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे के बाद जिला प्रशासन गाजीपुर में अलर्ट है और जो भी गाड़ियां गाजीपुर से प्रयागराज को जा रही है। उन्हें यहीं पर रोक लिया जा रहा है, और उन सभी श्रद्धालुओं को स्थानीय लंका मैदान आटीआई ग्राउंड और बड़े-बड़े जो मैदान है, वहां पर रोका जा रहा है। जिससे की भीड़ प्रयागराज में छट जाए तो इन लोगों को आगे जाने दिया जाए। ऐसे रोके गए उन श्रद्धालुओं से बातचीत की गई तो बताया कि पश्चिम बंगाल, दार्जिलिंग, असम और बहुत दूर-दूर से लोग 24 से 48 घंटे पहले अपने घर से चले हुए हैं। जो की प्रयागराज कुंभ नहा कर पुण्य प्राप्त करना चाहते हैं। श्रद्धालुओं ने कहा है कि उनको प्रयागराज में हुए हादसे के बारे में बहुत जानकारी नहीं है । अब धीरे-धीरे मीडिया या परिजनों से बात करने पर मिल रही है फिलहाल गाजीपुर में प्रयागराज जाने वाली सभी गाड़ियों को अगले आदेश तक रोका जा रहा है।

# अनियंत्रित टोटो ट्रक से भिड़ा महिला की मौत, चार घायल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के सुरतापुर चट्टी के पास बुधवार की सुबह 6:30 बजे के करीब एक बड़ा हादसा हो गया। शेरपुर कलां से सवारी लेकर मुहम्मदाबाद की तरफ जा रहा टोटो सुरतापुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे ट्रक से भिड़ गया। जिसमें एक महिला की मौत हो गई और चालक समेत चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार शेरपुर कला में तेरहवीं में शामिल होकर बिना चौबे का परिवार व अन्य लोग लौट रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया की अचानक टोटो अनियंत्रित होकर ट्रक से भिड़ गया और लोगों ने इसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद भिजवाया जहां पर बेहतर इलाज हेतु उन्हें मेडिकल कॉलेज गाजीपुर भेजा गया। घायलों में आशा चौबे पत्नी आदित्य पांडेय, प्रतीक उपाध्याय पुत्र विजय शंकर उपाध्याय निवासी जबलपुर, टोटो चालक शुभम कुमार पुत्र भैरव निवासी शेरपुर कलां, मृतका की पहचान बिना चौबे पत्नी भानु प्रताप चौबे निवासी मीरदादपुर शहर कोतवाली गाज़ीपुर के रूप में की गई है। मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग में कार्यरत डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया कि एक महिला मृत ही की अस्पताल आई थी परिजन शव को अपने साथ लेकर चले गए हैं, शव मर्चरी में नहीं रखा गया है तथा एक लोग अभी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लोगों को हल्की चोट आई थी जिन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई । उप निरीक्षक रामाश्रय यादव ने बताया कि टोटो के ट्रक में टकराने की सूचना है पुलिस मौके पर गई थी लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त सामाचार

### मौनी अमावस्या पर छोटी अयोध्या में 1 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी

**गोण्डा।** रामनगरी अयोध्या से 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित छोटी अयोध्या के नाम से प्रसिद्ध गोंडा जिले के कर्नलगंज में स्थित सरयू नदी कटरा घाट पर मौनी अमावस्या को 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था के डुबकी लगाई। सरयू नदी में डुबकी लगाने के लिए न सिर्फ गोंडा बल्कि पड़ोसी जिलों से खासकर बहराइच से हजारों श्रद्धालु कटरा घाट पहुंचे थे। इतना ही नहीं पड़ोसी देश नेपाल के भी कई श्रद्धालु नदी में आस्था की डुबकी लगाते नजर आए। मौनी अमावस्या मेल को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी खास इंतजाम किए है। चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। नदी में बैरिकेडिंग व्यवस्था व जल पुलिस की व्यवस्था की गई है। लखनऊ गोंडा हाईवे पर किलोमीटर तक श्रद्धालुओं का जत्था मेले की ओर जाता दिखा। मौनी अमावस्या पर नदियों में डुबकी लगाने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में अत्यधिक भीड़ होने के कारण लाखों श्रद्धालु कुंभ मेला जाने से वंचित रह गए। उन्ही श्रद्धालुओं में से लाखों लोगों ने आज सरयू नदी में डुबकी लगाई है। वह मेले में तमाम बाहरी दुकानदारों ने आपने अपनी दुकान भी सजा रखी है जहां बड़ी संख्या में महिलाएं सौंदर्य घरेलू वस्तुओं की खरीददारी करती दिखी। तो एक खिलौने की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी।

### सात दिवसीय भागवत कथा का भव्य समापन,गाजे-बाजे के साथ राम की शोभायात्रा

**बाराबंकी।** जनपद के विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र स्थित गंगवाई पठनान गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। कथावाचक सत्यनाम यादव द्वारा प्रस्तुत संगीतमय भागवत कथा का श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। समापन के अवसर पर बुधवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो कजियापुर होते हुए करसटिया हनुमान मंदिर तक पहुंची।

शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, माता जानकी और वीर हनुमान की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे की धुन पर भक्तिगीतों के साथ श्रद्धालुओं ने नृत्य किया और लाल गुलाल उड़ाते हुए भक्तिरस में डूबे रहे। कार्यक्रम में अखिलेश शास्त्री, लालजी, दिनेश कुमार वर्मा, पंकज वर्मा, बंशराज विश्वकर्मा, शुभम, रामनरेश, रामसमुझ, राममिलन, रामप्रकाश वर्मा, लवलेश, रिंकू वर्मा, पूर्व प्रधान बाबू राम, हंसराज वर्मा, प्रदीप कुमार, प्रवेश कुमार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे वातावरण में भगवान के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी। गंगवाई पठनान गांव में शंकर जी के पवित्र स्थल पर कई वर्षों से यह आयोजन होता आ रहा है।

### कुंभ की भगदड़ में गोंडा के एक श्रद्धालु की मौत

**गोण्डा।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान से पहले भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई, जिसमें गोंडा के 47 वर्षीय श्रद्धालु ननकन की दर्दनाक मौत हो गई। वह अपनी पत्नी रामादेवी (35) और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संगम स्नान के लिए आए थे। हालांकि श्रद्धालु ननकन के मौत की पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता है। श्रद्धालु ननकन के परिजनों ने खुद मौत की पुष्टि की है। अभी तक सरकार द्वारा भी किसी के भी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गोंडा के रुपईडीह गांव निवासी ननकन अफ्वाह के कारण अचानक फैली भगदड़ में फंस गए। चश्मदीदों के मुताबिक, भारी भीड़ के चलते सड़कों पर जाम लग गया, और इसी दौरान धक्का-मुक्की के बीच ननकन गिर पड़े। वहां मौजूद प्रशासन की लापरवाही से हालात और बिगड़ गए।

# राष्ट्रीय उच्च पथ 219 के अंतर्गत अंचल भभुआ और चांद के तेरह मोजे में होगा कैंप का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**भभुआ/कैमूर।** कैमूर जिला अंतर्गत NH 219 परियोजना जो मोहनिया भभुआ चांद धरौली पथ के नाम से जानी जाती है,के निर्माण के क्रम में अंचल भभुवा और चांद के अंतर्गत तेरह मोजे में अधिकृत भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

भभुआ अंचल के बबुरा और सिकटी मोजे में दिनांक 30 जनवरी 2025 को पंचायत भवन सिखती में कैंप का आयोजन किया गया है,जबकि अन्य मौजे में कार्यक्रम के अनुसार कैंप का आयोजन किया गया है। जिला पदाधिकारी कैमूर द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में सभी तेरह मोजे के भू धारी जिनकी भूमि ह॥ 219 परियोजना के अंतर्गत अधिकृत करने का प्रस्ताव है,उन्हें आवश्यक भूमि अभिलेख तथा अन्य आवश्यक कागजात लेकर शिविर में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूर्ण करने की दिशा में आंचल चांद के छह मोजे तथा भभुआ अंचल के सात मौजे में मोजेवार कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

जिन रैयतों के जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव है उनसे राजस्व अभिलेख लेकर शिविर में आने का अनुरोध किया गया है।

भूमि के कागजात में अगर कोई समस्या है तो इस कैंप में उपस्थित होकर कागजात बनवा सकते हैं और समस्या का समाधान भी किया जाएगा ।इस कैंप में संबंधित अंचल अधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,थाना अध्यक्ष परियोजना निदेशक आदि भी उपस्थित रहेंगे।

### रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य परिचालनिक कारणों से निम्नलिखित गाड़ियों को निरस्त किया गया है

**गोरखपुर।** बनारस से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 12559 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त है। बलिया से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 22581 बलिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त है। गोरखपुर से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस निरस्त है। गोरखपुर से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 05004 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त है। गोरखपुर से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 05183 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त है। गोरखपुर से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 05179 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त है। गोरखपुर से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 05187 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त है। गोरखपुर से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 05193 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त है। गोरखपुर से 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली 05175 गोरखपुर-प्रयागराज रामबाग कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त है। नई दिल्ली से 30 जनवरी, 2025 को चलने वाली 12560 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नई दिल्ली से 30 जनवरी, 2025 को चलने वाली 12582 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

# शिक्षकों की लड़ाई लड़ने का संकल्प दोहराया- नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव


शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** जखनिया स्थित साबिर अली आईटीआई के प्रांगण में उत्तर प्रदेश विधान परिषद में विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव जी का भव्य स्वागत किया गया। सपा जिला उपाध्यक्ष आमिर अली और सपा विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर लाल बिहारी यादव ने संबोधित करते हुए कहा,शिक्षकों की लड़ाई मैं हमेशा लड़ता रहूंगा, चाहे मैं नेता प्रतिपक्ष रहूं या एमएलसी। शिक्षकों के हित के लिए मुझे अपने जीवन की आहुति भी देनी पड़े, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव शिक्षकों के मुद्दों को लेकर पूरी तरह जागरूक हैं और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हर शिक्षक—चाहे सरकारी हो या निजी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, एक शिक्षक समाज में अनेक जीवन को गढ़ने का काम करता है। उनका सम्मान और अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। कार्यक्रम में जनाब अनवर अली, अनुज कुमार सिंह, सर्वानंद पांडेय, अमर नाथ यादव, पूर्व प्रधान कैलाश सोनकर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सपा उपाध्यक्ष आमीर अली की अगुवाई में आयोजित किया गया, जिसमें भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# जातिवादी नेताओं जरा अपनी आंखों से पट्टी हटाकर तो देखो

शकुन टाइम्स संवाददाता



**दुर्गावती/ कैमूर।** इस देश में जाति-पात की राजनीति करने वाले, जातीय आधारित कानून बनाने वाले, जातियों को बांटने वाले, तथा सनातन धर्म के देवी देवताओं, साधु संतों को गाली देने वाले, राजनेता अपनी आंखें खोलकर कुंभ की तरफ एक बार जरूर देखे जहां जातियों का मिथक टूट रहा है ।जाती पाती और जातीय आधारित पार्टी बनाकर सारे धार्मिक ग्रंथो, देवी देवताओं पर टिप्पणी करके समाज में जो भेदभाव का जहर तुम लोगों द्वारा घोले जा रहे है वह नशा दूर हो जाएगा।

सनातन धर्म आज तक किसी धर्म के ऊपर न जबरदस्ती अपना धर्म थोपा न ही किसी जाति के लोगों को बरगला कर धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह धर्म तो बसुधैव कुटुंबकम का संदेश सदियों से विश्व को देते आ रहा है और उसी रास्ते पर आज चल भी रहा है। आपसी भाई चारे के संदेश के बीच वर्तमान परिवेश में राजनीतिक क्षेत्र में सनातन धर्म पर जिस तरह से टिप्पणी की जाती है और उसके देवी देवताओं को तथा संत महात्माओं को जो गाली दिया जाता है उसका जीता जाता उदाहरण है महाकुंभ ।आज महाकुंभ स्थल पर हर जाति हर समुदाय हर संप्रदाय के लोग हो या हर संप्रदाय मजहब के साधु महात्मा एक साथ एक ही बार साथ में संगम पर डुबकी लगाते देखे जा सकते हैं। लेकिन देश के जातिगत नेता धार्मिक टिप्पणी और जातिगत राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे है। किसी भी पंडाल में साधु महात्माओं के पास जाकर भोजन करना प्रवचन सुनना विश्राम करने की परंपरा समान रूप से देखी जा सकती है फिर भी ऐसे टिप्पणी करने वाले राजनेताओं की आंखों से परदे नहीं हटते,अब उन्हें अंधा कहा जाए या देश के साथ धोखा देने वाला गद्दार आम जनता को समझना होगा। यदि सचमुच ऐसे संत समागम कुंभ से सिख लेकर आम जनता एक बार अपनी आंखें खोल दे तो ऐसे भेद भावी राजनेताओं की दुकान स्वत: बंद हो जाएगी।

# कांग्रेस की सरकारों में जनता को मिली सुविधाओं और राहत कार्यो को रोकना और उसे फिर से बहाल कर राजनीतिक लाभ लेना जनता की आँखों मे धूल झोंकना है। - धर्मेन्द्र तिवारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**डीडीयू नगर/ चन्दौली।** रेलवे मंत्रालय ने द्वारा चन्दौली मझवार रेलवे स्टेशन से दून एक्सप्रेस का ठहराव दुबारा प्रारंभ होने के अवसर पर इसका श्रेय लेने के लिए मची राजनीतिक होड़ से चन्दौली की जनता अपने आपको को ठगी महसूस कर रही है। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए राजनीतिक दलों के जिले में विद्यमान कुल तीन सांसद और विधायक की उपस्थिति ने अवसर को हास्यास्पद बना दिया। कोरोना काल में रेलवे मंत्रालय ने कुछ ट्रेन निरस्त की तो कुछ ट्रेनों के अस्थायी तौर पर स्टॉपेज समाप्त किये थे। लगता है कि चंदौली जनपद में कोरोना अब जाकर समाप्त हुआ है। दून एक्सप्रेस के ठहराव पर हरी झंडी दिखाने के लिए आयोजित सरकारी समारोह में राजनीतिक दलों द्वारा इसका श्रेय लेने के होड़ पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि यह एक राजनीतिक ड्रामेबाजी के अलावा कुछ नही था ।चन्दौली मुख्यालय स्थित चन्दौली मझवार स्टेशन पर दून एक्सप्रेस का ठहराव तत्कालीक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल अलीम साहब के कहने मात्र से पंडित कमलापति त्रिपाठी जी ने करा दिया था।

आज उसी ट्रेन का पुन: ठहराव होने पर तीन सांसद और विधायक श्रेय ले रहे हैं ।और सियालदाह एक्सप्रेस का ठहराव तो पं.कमलापति त्रिपाठी जी ने 1976 में ही कराया था चन्दौली और सैयदराजा में लगातार दोनों स्टेशनों पर। बाद में 1980 में तो दून एक्सप्रेस को नरवन क्षेत्र के दर्जनों गांवों की? मांग पर लगातार तीसरे स्टेशन कर्मनाशा पर रोकने का आदेश भी किया था। बाद की सरकारों में ये ठहराव खत्म कर दिये गये थे ।(मई 1980) में ब्लॉक बरहनी (नरवन) के दौरे से लौटकर पंडित जी चन्दौली डाक बंगले में आराम करने के बाद करीब चार बजे ड्राइंग रूम में आये। तब लोगों ने मिलने के लिये घेर लिया। वह सबसे पहले पीछे खड़े सबसे ऊंचे कद के वांचू साहब (तत्कालीन डीआरएम मुगलसराय, जो बाद में रेल बोर्ड चेयरमैन भी बने थे)) से मुखातिब हुये। बोले कि वांचू जी आज नरवन क्षेत्र के लोग मांग कर रहे थे कि दून एक्सप्रेस कर्मनाशा स्टेशन पर भी रोकी जाय, उससे दर्जनों गांवों को सुविधा होगी। चन्दौली मझवार और सैयदराजा में ट्रेन पहले से रुक ही रही थी। उन्होंने पूछा कि दून एक्सप्रेस इधर से कब जाती है ? तब वांचू साहब बोले कि छ: बजे डाउन लाइन पर जायेगी। तब रेलमंत्री त्रिपाठी जी ने कहा कि आप ऐसा करिये कि आज से ही कर्मनाशा स्टेशन भी पर ट्रेन रोकना शुरू कर दीजिये, मैं दिल्ली जाऊंगा, तो आपके पास आदेश आ जायेंगे और दो घंटे बाद उसी दिन से दून एक्सप्रेस ट्रेन लगातार तीसरे कर्मनाशा पर भी ठहरने लगी थी। जिले में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थापित करके भारतीय रेलवे के मानचित्र पर चन्दौली को प्रमुख स्थान दिया था। कांग्रेस ने मुगलसराय रेलवे जंक्शन की बिल्डिंग बनवाया,वाराणसी कैण्ट रेलवे स्टेशन बनवाया इसके बावजूद इतना झण्डा नहीं दिखाया होगा जितना झण्डा जिले के माननीय सांसद गणों एवं नेताओं ने चन्दौली मझवार स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस के मात्र दो मिनट के ठहराव का श्रेय लेने के लिए दिखाया ।कांग्रेस के विकासोन्मुखी कार्यक्रमों और परियोजनाओं को बन्द कर के उसे पुन: चालू करने और उनका नाम बदलकर अपनी योजना बताना मोदी सरकार की जुमलेबाजी से ज्यादा कुछ नही है ।चन्दौली की जनता इनके इस कृत्य से अपने आपको ठगी महसूस कर रही है। जनपद के विकास के लिए इतना ही चिंता है तो जनपद में रेलवे के स्लीपर कारखाना लगाने की पुरानी माँग को सरकार द्वारा पूरा किया जाना चाहिए। जिसके लिए पंडित कमलापति त्रिपाठी जी ने नौबतपुर में जमीन भी अधिग्रहण कराया था।

जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि उन ट्रेनों के भी स्टॉपेज पुन: बहाल कराये जिन्हें कोरोना काल मे समाप्त कर दिया गया था। साथ ही जिले के सांसदगण, एवं सत्ता पक्ष के नेताओं व प्रतिनिधियों के द्वारा जिला मुख्यालय चन्दौली मझवार स्टेशन पर एकात्मता एक्सप्रेस, रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस,महाबोधि एक्सप्रेस सियालदह एक्सप्रेस सहित लखनऊ और दिल्ली, मुम्बई जाने वाली अन्य प्रमुख ट्रेनों का भी ठहराव कराना चाहिए।



# सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ की हाईलेवल मीटिंग

## कहा, बैरिकेड फांदने की कोशिश में हुआ हादसा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना के बाद लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक की और कहा कि बैरिकेड्स फांदकर आने की कोशिश में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं।सीएम योगी ने राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव तथा अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। संवाददाताओं से बातचीत में आदित्यनाथ ने कहा, प्रातः काल से ही श्रद्धालुजन स्नान कर सकें, इसके लिए यहां पर हम लोगों की उच्च स्तरीय बैठक चल रही है। उन्होंने बताया, प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। रात में एक से दो बजे के बीच अखाड़ा मार्ग पर जहां से अमृत स्नान की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाए गए थे, उन बैरिकेड्स को फांदकर आने में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था की गई है। उनमें से कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने सुबह से ही लगभग चार बार फोन करके हाल-चाल लिया है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी लगातार संपर्क में हैं तथा सभी के कुशलक्षेम और सकुशल स्नान करने के बारे में निरंतर जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज में वर्तमान में हालात नियंत्रण में हैं लेकिन भीड़ का दबाव बहुत है। अखाड़ा परिषद से जुड़े हुए पदाधिकारियों के साथ मैंने खुद भी बातचीत की है।

# घनघोर कोहरे में भी श्रद्धालु आए मौनी अमावस्या पर



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** बुधवार को माह मौनी अमावस्या महाकुंभ 2025 के मद्देनजर हापुड़ की तीर्थ नगरी बृजघाट में भी पहुंचे हजारों श्रद्धालु, जहां पर बुधवार की सुबह घनघोर कोहरे ने ले रखा था अपने आगोश में, मगर श्रद्धा के सामने कुछ नजर नहीं आता भक्ति इसे कहते हैं, लगातार मंगलवार से ही पुलिस प्रशासन ने संभाल रखी थी तीर्थ नगरी बृजघाट की व्यवस्था, जिसको लेकर लगातार कड़ी मेहनत और पुलिस प्रशासन की व्यवस्था लगातार बनी रही, देखा जाए तो महाकुंभ के चलते तीर्थ नगरी ब्रजघाट में भी श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, की गई पूजा पाठ लगातार चलती रही पूजन ब्रजघाट में श्रद्धालुओं के द्वारा, गढ़मुक्तेश्वर इंस्पेक्टर

नीरज कुमार व बृजघाट चौकी प्रभारी चद्रकांत सिंह भारी पुलिस बल के साथ रहे अलर्ट तो वही संदिग्ध पर रही खास नजर।

# संक्षिप्त सामाचार

## सूचना आयुक्त की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। जनहित याचिका में कहा था कि उनकी नियुक्ति सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 15(6) का उल्लंघन करती है। जो किसी भी पेशे को जारी रखने पर रोक लगाती है। इस फैसले से राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। गुप्ता की नियुक्ति को बरकरार रखा गया है। सुनवाई न्यायमूर्ति अताउर रहमान मसूदी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ में हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी बात खुद रखी। जबकि सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल ने पक्ष रखा। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया।

## पिकअप की टक्कर से किसान की मौत, छह बहनों इकलौता भाई था

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में सड़क हादसे में 20 साल के युवक की मौत हो गई। अपने फुफेरे भाई के साथ बेहटा में सब्जी बेचने आया था। वहां से लौटते वक्त तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों सौंप दिया है। बाराबंकी के मीन नगर कुर्सी निवासी सतीश (20) पुत्र रामलखन किसान था। मंगलवार को अपने फुफेरे भाई आजाद के साथ बेहटा बाजार में सब्जी बेचने के लिए आया था। जहां से रात करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से वापस जा रहे थे। तभी अनावारी उमरा चौराहे के पास उनकी मोटरसाइकिल में एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी।

## मौनी अमावस्या पर मां चंद्रिका देवी मंदिर में उमड़े भक्त

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र के कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर बुधवार को भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और हजारों भक्तों ने मां के दर्शन के लिए लंबी कतारों में प्रतीक्षा की। आदि शक्ति स्वरूपा मां चंद्रिका देवी के इस मंदिर की विशेष मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर यहां दर्शन करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और माता की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। इसी आस्था के कारण दूर-दराज से लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर मेला समिति ने भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की थीं।

## हाईकोर्ट से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को बड़ा झटका, अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

**लखनऊ।** इलाहबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से मना करते हुए याचिका को किया निस्तरित। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने राकेश राठौर की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के पश्चात पारित किया। याची की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया की वादी ने यह मुकदमा 4 साल के पश्चात लिखवाया है।

# बनाई गई द्वितीय पुण्यतिथि महंत ब्रह्मलीन महेश गिरी की हुआ भंडारे का आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** बुधवार को गढ़मुक्तेश्वर नगर स्थित गढ़मुक्तेश्वर महादेव नक्का कुआं मंदिर में श्री महंत ब्रह्मलीन महेश गिरी जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर हुआ भंडारा मुख्य महंत बाराहगिरी जी महाराज ने बताया गुरुजी को लगभग 52 वर्ष मुक्तेश्वर महादेव नाका हुआ मंदिर में रहकर तपस्या की और 2023 में गुरु जी ब्रह्मलीन हो गए गुरु जी की पुण्यतिथि पर संगीत में सुंदरकांड यज्ञ हुआ भंडारे का विशाल आयोजन हुआ यह भंडारा प्रत्येक वर्ष इसी तरह होता रहेगा पुष्पावती पूठ से आए कथा व्यास पंडित राम कृष्ण दास जी महाराज ने संगीत में सुंदरकांड व भजन सुनाकर कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया सारे तीरथ धाम गुरुजी आपके चरणों में भक्त हुए मंत्र मुक्त इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी मदनपाल सिंह, किसान यूनियन संघर्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष शरणजीत सिंह ,गुर्जर गब्बर सिंह, चैयरमैन अमरजीत सिंह, पंडित विनोद शास्त्री ,लाल टेकचंद ,राम अवतार गर्ग ,भास्कर बांकेलाल ,दिनेश गर्ग, ब्लॉक प्रमुख हापुड़ ममता तेवतिया, पूर्व विधायक डॉक्टर कमल सिंह मलिक, रामलीला अध्यक्ष कौशल पांडियन, विनोद त्यागी, विमल त्यागी, तेजिंदर सिंह ,चौधरी प्रवेश सिंह आदि

## त्रासदी, सरकार की असफलता और प्रशासनिक कुप्रबंधन का प्रतीकः लोकदल

**लखनऊ।** कुंभ भगदड़ में लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि महाकुंभ में यह हादसा अत्यंत दर्दनाक और असहनीय हैं। महाकुंभ में भगदड़ और श्रद्धालुओं की मौत की खबर भयावह पीड़ादायक है। परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। यह त्रासदी सरकार की असफलता और प्रशासनिक कुप्रबंधन का प्रतीक है। शुरुआत से ही सरकार का ध्यान आम जनता की बजाय वीवीआईपी सेवाओं पर लगा हुआ था। वीवीआईपी लोग गाड़ियों से सीधे नदी के तट तक पहुंचे, जबकि आम लोग लंबा सफर पैदल तय करने को मजबूर हुए। सबसे शर्मनाक है कि सरकार अब तक मृतकों की सही संख्या जारी नहीं कर पाई, जो उनकी असंवेदनशीलता दर्शाता है। 10,000 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा सिर्फ 2 लोगो वाली फोटो और उनके प्रचार में खर्च हुआ, जबकि सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की अनदेखी की गई।

# सरकार पीड़ित श्रद्धालुओं के इलाज का इंतजाम करे : अखिलेश

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि सरकार महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में घायल श्रद्धालुओं के इलाज का समुचित इंतजाम करे। श्री यादव ने एक्स पर पोस्ट किया महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। श्रद्धांजलि।

उन्होने कहा हमारी सरकार से अपील है कि गंभीर रूप से घायलों को एअर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटलों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। मृतकों के शवों को चिन्हित करके उनके परिजनों को सौंपने और उन्हें उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध किया जाए। जो लोग बिछड़ गये हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किये जाएं। हैलीकाप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ाई जाए। सपा अध्यक्ष ने कहा सतयुग से चली आ रही 'शाही स्नान' की अखण्ड-अमृत परंपरा को निरंतर रखते हुए, राहत कार्यों के समानांतर सुरक्षित प्रबंधन के बीच 'मौनी अमावस्या के शाही स्नान' को संपन्न कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होने कहा कि श्रद्धालुओं से भी हमारी अपील है कि वो इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थयात्रा संपन्न करें। सरकार आज की घटना से सबक लेते हुए श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने, भोजन-पानी व अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त प्रबंध करे।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज से चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि यानि 30 जनवरी, भारत में कुष्ठ रोधी दिवस के रूप में मनायी जाती है, और आगामी 13 फरवरी, 2025 तक स?पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाना है। इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करना और इस बीमारी के उन्मूलन के लिए जन-आंदोलन को प्रोत्साहित करना है।

राज्य कुष्ठ अधिकारी डॉ. जया देहलवी बताती हैं कि कुष्ठ रोग एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु के कारण होती है। यह मुख्यतः हाथ, पैर की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की श्लेष्मा और ऊपरी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। यदि इसका समय पर उपचार न किया जाए तो यह शारीरिक विकलांगता का कारण बन सकता है। इस वर्ष कुष्ठ रोग के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम है आइये मिलकर जागरूकता फैलायें, भ्रांतियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये।

कुष्ठ रोग का इलाज एमडीटी दवा से किया जाता है जो सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। विकलांग कुष्ठ रोगियों को मुफ्त शल्य चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जा रही है। साथ ही शल्य चिकित्सा के बाद कुष्ठ रोगियों को बारह हज़ार रूपए मजदूरी भत्ता के रूप में भी दिया जा रहा है। डॉ. जया देहलवी सभी से अपील करते हुए कहती हैं कि कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता फैलाएं, यह पूरी तरह सही हो सकता है। कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के प्रति सहानुभूति दिखाएं। यदि आपको या आपके किसी परिचित को कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### उत्तर प्रदेश में कुष्ठ रोग की स्थिति

कुष्ठ विशेष रूप से तराई क्षेत्र में रहने वाले लोगों को प्रभावित करता है। इस वर्ष 2024-25 में अभी तक प्रदेश भर में 9755 नए कुष्ठ रोगी पाए गए हैं। वहीँ वर्ष 2021 में 8924, वर्ष 2022 में 9946, वर्ष 2023 में 12801, वर्ष 2024 में 13475 कुष्ठ के रोगी मिले7 वहीँ कुष्ठ से विकलांग लोगों की संख्या क्रमशः 98, 110, 106, 103 रही और इस वर्ष दिसंबर तक 40 रोगी विकलांगता में आ गए।

# महाकुंभ हादसे पर गृहमंत्री अमित शाह ने योगी से की बात, दिया हर संभव मदद का आश्वासन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ में बड़े हादसे को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या समारोह के दौरान संगम पर क्या हुआ, कैसे हुआ इस बारे में जानकारी ली है। साथ ही सीएम योगी को केंद्र की ओर से पूर्ण सहायता का आश्वासन भी दिया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रयागराज में स्थिति की समीक्षा करने के लिए सीएम योगी से बात की और तत्काल सहायता उपायों का आह्वान किया। मिली जानकारी के मुताबिक प्रयागराज महाकुंभ में बड़ा हादसा हो गया है। इस घटना में अभी तक कई लोगों के घायल होने की सूचना है। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। यह हादसा अत्यधिक भीड़ के चलते हुआ। महाकुंभ के अस्पताल में घायलों को लेकर आने वाली एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। राहत और बचाव कार्य में पूरा प्रशासन जुटा हुआ है। 50 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी को महाकुंभ नगर के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ मचने के बाद अखाड़ा परिषद ने फैसला किया है कि मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान नहीं होगा। यह जानकारी अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ प्रयागराज में आज भगदड़ की घटना मचने के बाद अखाड़े ने मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान का कार्यक्रम पूरी तरह रद्द कर दिया है। अब आज कोई भी अखाड़ा अमृत स्नान नहीं करेगा। अखाड़े ने अपने जुलूस भी वापस शिविरों में बुला लिए हैं।

## तालाब में डूबे इकलौते बेटे की मौत, पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मौजमनगर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव के एक धोबी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान आलोक के रूप में हुई है, जो कपड़े धोने और प्रेस करने का काम करता था। घटना बीती रात की है, जब आलोक गांव के बाहर स्थित तालाब में कपड़े धोने गया था। इस दौरान वह तालाब में डूब गया। बुधवार की सुबह जब कुछ ग्रामीण तालाब की तरफ गए, तो उन्होंने आलोक का शव तैरता देखा। इसकी सूचना तुरंत परिजनों और स्थानीय पुलिस को दी गई। मृतक के पिता गोकुल ने बताया कि आलोक उनका इकलौता बेटा था। तीन साल पहले उनकी मां राम रति की भी मृत्यु हो चुकी है। आलोक अपनी पत्नी साधना और एक बेटी के साथ रहता था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

## आयुष अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने 15 किमी साइकिल चलाई

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके में स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने एक अनूठी पहल की। बुधवार को वे अपने आवास से 15 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय कर अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। डॉ. शुक्ला ने कहा आज के समय में अधिकतर बीमारियों का मूल कारण अनियमित खान-पान और आरामदायक जीवनशैली है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए इन आदतों में बदलाव लाना बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि जितना हम प्रकृति के करीब रहेंगे, उतना ही स्वस्थ जीवन जी पाएंगे। अपनी इस पहल के जरिए डॉ. शुक्ला ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे छोटे-छोटे बदलाव हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

## पैथालॉजी सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यवसायी हुए एकजुट, आदर्श व्यापार मण्डल से जुड़े

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** पैथॉलॉजी सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार देर शाम इंदिरा नगर क्षेत्र में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता उपस्थित रहें।पैथोलॉजी सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यवसायियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को अपने व्यवसाय में आ रही समस्याओं से अवगत कराया तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से जुड़कर उत्तर प्रदेश आदर्श मेडिकल लैब ऑनर्स एसोसिएशन का गठन किया। बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी एवं नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे व्यापारी नेताओं की उपस्थिति में पैथोलॉजी सेवा क्षेत्र के व्यवसायियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श मेडिकल लैब ऑनर्स एसोसिएशनष् का गठन किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश आदर्श मेडिकल लैब ऑनर्स एसोसिएशन इकाई में सुफ्ल वर्मा-अध्यक्ष, धर्मेन्द्र तिवारी -महामंत्री ,सतीश कुमार-वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,अजय कुमार वर्मा-कोषाध्यक्ष, गौतम कुमार- संगठन मंत्री-जितेंद्र कुमार-मंत्री, श्रीमती जहाँआरा -प्रचार मंत्री चुने गए तथा कार्यकारणी सदस्य के रूप में राजकिशोर नाथ ,दीप चंद्र, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, अरविंद वर्मा ,सूरज प्रसाद ,शैलेंद्र बहादुर ,मन्नान खान ,संदीप पाण्डेय ,राज किशोर आनंद, अजय शर्मा अजय वर्मा ,प्रभु दयाल एवं रविन्द्र दुबे को चुना गया। इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा पैथालॉजी सेवा क्षेत्र, चिकित्सा का मुख्य आधार है, इसे पवित्रता के साथ करना आवश्यक है उन्होंने कहा मेडिकल लैब ऑनर्स की सभी समस्याओं के समाधान के लिए कंधे-से कंधा मिलाकर आदर्श व्यापार मंडल सहयोग करेगा तथा हर स्तर पर संघर्ष करेगा प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ,प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ को मिली यूजीसी की मान्यता

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 43 एआई संवर्धित कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया हुई शुरू

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ को राज्य (निजी) यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य विधानसभा द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पांचवां संशोधन) अधिनियम, 2024 पारित किए जाने के कुछ दिनों बाद ही, शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से शैक्षणिक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता मिल गई है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रबंध निदेशक जय इंदर सिंह संधू ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ को 24 जनवरी, 2025 को यूजीसी से मान्यता मिल गई है और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी अब यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2(एफ) के तहत राज्य के सार्वजनिक यूनिवर्सिटियों की सूची में शामिल हो गई है। उन्होंने कहा कि यूजीसी की मान्यता के साथ, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ अब 2025-26 शैक्षणिक सत्र से 43 एआई-संवर्धित भविष्य के स्नातक शैक्षणिक कार्यक्रम पेश कर रही है, जिसमें 30 ग्रेजुएट (यूजी) और 13 पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों में 2025-26 में नए शैक्षणिक वर्ष से इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और टेक्नोलॉजी, बिजनेस मैनेजमेंट, हेल्थ और लाइफसाइंसेज, ह्यूमैनिटीज तथा लीगल स्टडीज सहित छह धाराएँ शामिल हैं। जय इन्दर सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ इंजीनियरिंग में नौ ग्रेजुएट और तीन पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स प्रदान कर रही है। इस तरह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ बिजनेस मैनेजमेंट में चार ग्रेजुएट और सात पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स तथा कंप्यूटर एप्लीकेशन में तीन ग्रेजुएट और दो पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के अलावा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ में कॉमर्स में दो ग्रेजुएट (यूजी) पाठ्यक्रम, साइंस में तीन, फार्मेसी में एक, लीगल स्टडीज में तीन तथा ह्यूमैनिटीज में तीन यूजी पाठ्यक्रम प्रदान कर रही है जिसमें जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन शामिल हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रबंध निदेशक जय इन्दर सिंह ने कहा, विभिन्न क्षेत्रों के दूरदर्शी अग्रणियों द्वारा स्थापित, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ ने इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट , सोशल साइंसेज , लॉ और ह्यूमैनिटीज सहित विभिन्न धाराओं में एआई को शामिल किया है, जो 21वीं सदी के शिक्षार्थियों को वैश्विक मुद्दों की व्यापक समझ प्रदान कर उन्हें एआई-संचालित कार्यबल बनने के लिए तैयार कर है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ छह धाराओं में 43 एआई-संवर्धित भविष्यवादी कार्यक्रमों के माध्यम से एआई-संवर्धित मल्टीडिसिप्लिनरी शिक्षा प्रदान कर रही है ताकि इनोवेशन की भावना को जागृत कर समग्र शिक्षा की सुविधा के लिए एआई की अपार क्षमता का लाभ उठाया जा सके। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में छह ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रम प्रदान कर रही है जिसमें कंप्यूटर साइंस में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग , डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी , इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी , तथा मास्टर इन एआई और मशीन लर्निंग में टेक्नोलॉजी (एमटेक) शामिल है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में, छह ग्रेजुएट औरपोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों की पेशकश कर रही है, जिसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में बीटेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक, सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक (सीई) उद्योग के अग्रणी लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के सहयोग से, कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट में एमटेक (सीई) और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एमटेक (सीई) शामिल हैं।

# सम्पादकीय

## कांग्रेस लगभग अकेली है सामाजिक न्याय की लड़ाई में

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से दो बातें बिलकुल साफहैं- पहली तो यह कि सामाजिक ध्रुवीकरण का मुकाबला केवल सामाजिक न्याय के जरिये ही सम्भव हैय और दूसरे, न्याय की इस लड़ाई में कांग्रेस लगभग अकेली है। इसमें कुछ साथी जरूर उसके साथ यदा-कदा दिख पड़ते हैं लेकिन उनका साथ स्थायी मानकर न ही चला जाये तो बेहतर होगा। जिस ढंग से कांग्रेस ने सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक न्याय का एक मुकम्मल पैकेज पेश किया है, उसे आगे बढ़ाने की ताकत ज्यादातर सियासी दल खो चुके हैं- फिर चाहे वे कांग्रेस के सीधे विरोधी हों या उसकी सहयोगी पार्टियां जो इंडिया गठबन्धन के हिस्से हैं। उम्मीद तो यही की जा रही थी कि इस लड़ाई को पूरा प्रतिपक्षी गठजोड़ मिलकर लड़ता, लेकिन साफदिखता है कि इस संघर्ष से वह एक तरह से दूरी बनाये हुए है। गिनती के कुछ दल ऐसे हैं जो इस विमर्श को अपनी विचारधारा के अनुरूप या समीप पाते हैं, पर एक सीमा तक आकर तो उन्हें ठहर जाना होता है या वे लौट जाते हैं। बेहतर हो कि कांग्रेस पहले से यह मानसिकता बनाकर इस लड़ाई को तेज करे कि, जो साथ आये उसका भी भला, जो न आये उसका भी भला! न्याय की इस लड़ाई का फलक वैसे तो काफी बड़ा होना था और उसमें वे सारे दल शामिल होकर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफलड़ते जो राहुल गांधी द्वारा निकली दोनों भारत जोड़ो यात्राओं में संग-संग चले थे, क्योंकि सामाजिक न्याय का यह तत्व उन्हीं दो यात्राओं से निकला है। दूसरे, जो भी भाजपा के खिलाफलड़ाई में इंडिया के साथ लड़ने को उतरे हैं, उनके लिये यह एक तरह से अघोषित साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। श्न्यायश् की यह लड़ाई त्रिकोणीय है- सामाजिक के साथ राजनीतिक व आर्थिक भी। श्भारत जोड़ो यात्राश् (कन्याकुमारी से श्रीनगर- 7 सितम्बर, 2022 से 30 जनवरी, 2023 तक) तो राहुल ने नफरत के माहौल को खत्म करने के लिये निकाली थी, पर दूसरी यात्रा (मणिपुर से मुम्बई- 14 जनवरी से 18 मार्च, 2024) का नाम इसलिये श्भारत जोड़ो न्याय यात्राश् रखा गया क्योंकि तब तक यह विमर्श प्रगाढ़ व मुखर हो गया था। सियासी व चुनावी रणनीति पर विचार करते हुए गठबन्धन को इस बात का इल्म हो चला था कि भाजपा के ध्रुवीकरण के खिलाफसामाजिक न्याय ही कारगर काट है। भूले-भटके भाजपा की पिच पर जा पहुंचने वाली कांग्रेस भी सतर्क हुई तथा उसने सामाजिक न्याय की मिट्टी बिछाकर खुद का अखाड़ा तैयार किया जिस पर आकर खेलने के लिये भाजपा को अक्सर मजबूर होना पड़ रहा है। जब न्याय की बात चलती है तो संविधान अपने आप उपस्थित हो जाता है। जो संविधान एक तरह से कांग्रेस व बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की देन है, उसकी वही भाजपा संरक्षण बनने के लिये छटपटा उठी जो अब तक उसके खिलाफ थी। इसका आभास भाजपा को पिछले वर्ष हुए लोकसभा के चुनावों में हो गया था। संविधान बदलने की मंशा से 370 सीटें पाने का उसका लक्ष्य ध्वस्त हो गया और वह 240 पर सिमट गयी।

कुल 400 के पार वह जाना चाहती थी। सरकार बनाने के लिये उसे तेलुगु देसम पार्टी व जेडीयू का सहारा लेना पड़ा। वैसे भाजपा को बीच चुनाव में आभास होने लगा था कि उसके कुछ साथियों का संविधान बदलने का प्रलाप उसे महंगा पड़ने जा रहा है, लिहाजा उसने अपना रंग बदला और खुद को संविधान का रक्षक बतलाने का दावा पेश कर दिया, क्योंकि सभी तरह के न्याय व अधिकारों का वही उत्स है। चुनाव के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने कहना शुरू किया कि जब तक वे हैं तब तक संविधान बदलने तथा आरक्षण खत्म करने की अनुमति वे किसी को नहीं देंगे। हालांकि यह दांव बहुत काम नहीं आया। जो भी हो, संविधान चर्चा के केन्द्र में तभी से आ गया। संविधान के प्रति अपना प्रेम व श्रद्धा जतलाने के लिये पिछले दिनों संसद का दो दिवसीय सत्र इसी विषय पर किया गया- संविधान की 75 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा। इसे लेकर भाजपा या उसका गठबन्धन (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस) बहुत कुछ हासिल नहीं कर सका लेकिन संविधान और उसके निमित्त सामाजिक न्याय आम बहस में आ गया। इसी चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा अंबेडकर का नाम लिये जाने पर जब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर...वाला तंज कसा तो देश भर में बवाल हो गया। शाह के इस्तीफे व माफी की मांग तो उठी ही, मोदी से कहा गया कि वे शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। वह लड़ाई संसद के बाहर बड़े रूप में पहुंची। बेलगावी (कर्नाटक) में कांग्रेस ने एक विशेष अधिवेशन पिछले साल 26 व 27 दिसम्बर को आयोजित किया था जो ठीक 100 वर्ष पूर्व इसी जगह पर इन्हीं तारीखों पर आयोजित किये गये ऐतिहासिक अधिवेशन की याद में था जिसकी अध्यक्षता महात्मा गांधी द्वारा की गयी थी। इस अधिवेशन के लिये कांग्रेस ने जय बापू जय भीम जय संविधान का नारा देकर सामाजिक न्याय के लिये अपनी प्रतिबद्धता का इजहार किया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से वह कार्यक्रम एक ही दिन हो सका था। पिछले हफ्ते सुवर्ण सौध कहे जाने वाले उस स्थल पर कांग्रेस ने महात्मा गांधी की विशालकाय प्रतिमा स्थापित की है। साथ ही कांग्रेस ने बाबासाहेब की जन्म स्थली महू (इंदौर के निकट, मध्यप्रदेश) में संविधान रक्षा के प्रति अपनी कटिबद्धता जाहिर करने के लिये सोमवार को विशाल रैली की जिसमें बहुत विस्तार से राहुल गांधी ने संविधान के महत्व को प्रतिपादित करते हुए बताया कि वंचित समाज के लिये उसकी रक्षा क्यों जरूरी है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति से यूरोपीय संघ को सबसे ज्यादा नुकसान

> मैंने जोर दिया कि वे भुगतान करें, और उन्होंने किया, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका वास्तव में उस समय अंतर का भुगतान कर रहा था। उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका श्अन्य देशों से सम्मान की मांग करना शुरू करेगा, और उसके साथ ही उन्होंने केनेडा और यूरोपीय संघ का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केनेडा अमेरिका का एक राज्य बन सकता है, जो केनेडा के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को खत्म करने का एक तरीका है। हमें उनकी कारों की जरूरत नहीं है और हमें उनकी लकड़ी की भी जरूरत नहीं है।श् यूरोपीय संघ के बारे में उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि ब्लॉक द्वारा अमेरिका के साथ बहुत, बहुत अनुचित व्यवहार किया गया है। श्वे हमारे कृषि उत्पाद नहीं लेते हैं और वे हमारी कारें नहीं लेते हैं।

नित्य चक्रवर्ती

डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने और पदभार ग्रहण करने के पहले दिन उनकी नीतिगत घोषणाओं के एक सप्ताह के अन्दर उनका असर हर देश पर अलग-अलग पड़ा है, लेकिन यूरोपीय संघ के देशों, खासकर जर्मनी और फ्रांस में यह सबसे ज्यादा दहशत का विषय है। गत 23 जनवरी को यह प्रक्रिया और भी तेज हो गई, जब ट्रम्प ने डावोस में विश्व आर्थिक मंच के साथ बातचीत के दौरान अपनी नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। यूरोपीय वर्चस्व वाले वर्ल्ड इकानामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के सदस्य, जिन्होंने 20 जनवरी को अपना पांच दिवसीय वार्षिक सत्र शुरू किया था, 23 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ वीडियो सत्र का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि सीईओ को अपने स्पष्टीकरणों पर अमेरिकी राष्ट्रपति से सीधे जवाब पाने का अवसर की उम्मीद थी। उन्हें वह अवसर मिल गया और बड़बड़ाहट के बीच, यूरोपीय सीईओ का मूड निराशा और मोहभंग का था। यूरोप पहले से ही अपने निराशाजनक आर्थिक दौर का सामना कर रहा है और ऐसा लगता है कि यह प्रक्रिया लंबी चलेगी। उन्होंने नाटो देशों से रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अपना आह्वान दोहराया। जब तक कि उन्होंने चुनौती नहीं दी थी, तब तक कई राष्ट्रों ने उनके पहले कार्यकाल के दौरान 2प्रतिशत जीडीपी लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया था। ट्रम्प ने कहा यह केवल 2प्रतिशत पर था और अधिकांश देशों ने मेरे आने तक भुगतान नहीं किया।

मैंने जोर दिया कि वे भुगतान करें, और उन्होंने किया, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका वास्तव में उस समय अंतर का भुगतान कर रहा था। उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका श्अन्य देशों से सम्मान की मांग करना शुरू करेगा, और उसके साथ ही उन्होंने केनेडा और यूरोपीय संघ का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केनेडा अमेरिका का एक राज्य बन सकता है, जो केनेडा के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को खत्म करने का एक तरीका है। हमें उनकी कारों की जरूरत नहीं है और हमें उनकी लकड़ी की भी जरूरत नहीं है।श् यूरोपीय संघ के बारे में उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि ब्लॉक द्वारा अमेरिका के साथ बहुत, बहुत अनुचित व्यवहार किया गया है। श्वे हमारे कृषि उत्पाद नहीं लेते हैं और वे हमारी कारें नहीं लेते हैं। फिर भी वे हमें लाखों की संख्या में कारें भेजते हैं, उन्होंने कहा। उन्होंने सऊदी अरब और तेल उत्पादक कार्टेलओपेक से तेल की कीमतों में कटौती करने का आग्रह किया, और दावा किया कि इससे यूक्रेन में युद्ध समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा, उन्हें यह बहुत पहले ही कर देना चाहिए था। वास्तव में, कुछ हद तक, जो कुछ हो रहा है, उसके लिए वे बहुत जिम्मेदार हैं।श् ट्रम्प के भाषण के बाद तेल की कीमतों में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपने ऊर्जा उत्पादन को दोगुना करने की जरूरत है, आंशिक रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने के लिए। ट्रम्प ने कहा कि वे नये बिजली संयंत्रों के लिए मंजूरी को तेज करेंगे, जिन्हें कंपनियां अपने संयंत्रों के बगल में लगा सकती हैं- ऐसा कुछ जो वर्तमान में नियमों के तहत संभव नहीं है। चिंताजनक रूप से, उन्होंने घोषणा की कि कंपनियां अपनी इच्छानुसार किसी भी चीज से इसे ईंधन दे सकेंगी, और बैकअप के रूप में कोयला, श्अच्छा, स्वच्छ कोयला्य रख सकेंगी। ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी ने पूरे यूरोप में आत्ममंथन की लहर पैदा कर दी है। उनके अमेरिका फर्स्ट सिद्धांत और यूरोपीय संघ के सामान पर टैरिफकी धमकी ने



यूरोप के अभिजात वर्ग को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि वे अमेरिका के साथ बढ़ती आर्थिक खाई को कैसे पाट सकते हैं- और अतिरिक्त सैन्य व्यय के लिए आवश्यक अरबों का प्रबंध कैसे कर सकते हैं। डब्ल्यूईएफपर यूरोपीय सीईओ का प्रभुत्व है। उनके अमेरिकी कंपनियों के साथ अच्छे संबंध हैं। उनमें से कई के पास यूरोपीय देशों में उत्पादन सुविधाएं हैं, जिससे नौकरियों का सृजन होता है और जीडीपी वृद्धि बढ़ती है। अब ट्रम्प ने डावोस बैठक में घोषणा की कि अमेरिकी कंपनियों से भी यूरोप में उनके उत्पादित सामान के अमेरिका को निर्यात के लिए शुल्क लिया जायेगा। उन्हें अमेरिका लौटने और अपने देश में सुविधाएं स्थापित करने के लिए कहा गया है। अगर ट्रम्प के इस उपाय को अंततरू यूरोप में गति मिलती है तो इसका मतलब यूरोपीय संघ के सदस्यों की पहले से ही अपंग अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक झटका लगेगा। यूरोपीय आयोग के पास पहले से ही यूरोपीय सेंट्रल बैंक के पूर्व अध्यक्ष मारियोड्रेगी द्वारा तैयार की गयी एक रिपोर्ट है, जिसमें कहा गया है कि यूरोप में उत्पादकता बहुत कमजोर है और गहन एकीकरण तथा समन्वित निवेश की तत्काल आवश्यकता है। 2025 के लिए संकेत पहले से ही चिंताजनक थे, लेकिन अब ट्रम्प की नीति घोषणाओं ने उभरते परिदृश्य को और खराब कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2025 में यूरो क्षेत्र में एक प्रतिशत के मुकाबले अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। जर्मनी की जीडीपी पिछले दो वर्षों से सिकुड़ रही है। स्थिति अनिश्चित है क्योंकि राष्ट्रीय चुनाव 23 फरवरी को होने वाले हैं। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि एक स्थिर गठबंधन बनेगा। डावोस में अनगिनत बातचीत में, व्यापारिक नेताओं और राजनेताओं ने यूरोपीय संघ के सामने आने वाली समस्याओं को उजागर कियारू फ्रांस और जर्मनी की मुख्य अर्थ व्यवस्थाओं में ठहराव और अमेरिकी तकनीकी दिग्गजों से प्रतिस्पर्धा करने में विफलता से लेकर लोक लुभावनवाद का उदय और यूक्रेन युद्ध तक। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुलावॉनडेरलेयेन ने फोरम में कहा कि श्पिछले 25 वर्षों में यूरोप ने अपने विकास को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक व्यापार के बढ़ते ज्वार पर भरोसा किया है। इसने रूस से सस्ती ऊर्जा पर भरोसा किया है और यूरोप ने अक्सर अपनी सुरक्षा को आउटसोर्स किया है। लेकिन वे दिन चले गये हैं। डावोस में ट्रम्प के भाषण के बाद यह भावना घर कर गयी है कि यूरोप को ट्रम्प से खुद की रक्षा करनी होगी। पिछले दो साल से अमेरिका के संदर्भ में ऐसी चर्चा चल रही है, लेकिन यूरोपीय गर्वित हैं और उनके सीईओ अभी भी सोचते हैं कि उनके पास बदलाव लाने के लिए सबसे अच्छा दिमाग है, हालांकि ड्रैगी की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि यूरोपीय संघ की कंपनियां पिछले पचास वर्षों में एक भी 100 अरब यूरो की कंपनी नहीं बना पाई हैं, जबकि अमेरिका ने उस अवधि के दौरान 10 खरब यूरो से अधिक मूल्य की छह कंपनियां बनाई हैं। अगले सप्ताह, ट्रम्प की योरोप को खुली चुनौती का सामना करने के लिए, यूरोपियन आयोग(ईसी) अपने स्वयं के संसाधनों के आधार पर पुनरुद्धार के लिए अपना रोडमैप सामने लायेगा। इसी के सुधार कार्यक्रम में एक बचत और निवेश संघ की स्थापना करना शामिल है ताकि यूरोपीय संघ के परिवारों की 3000 लाख यूरो की नकदी जो सालाना महाद्वीप से बाहर जाती है।

# जलवायु संकट में बच्चे

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफकी रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफक्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए। निस्संदेह, परीक्षा परिणाम प्रभावित होने से बच्चों के भविष्य पर इसका प्रतिकूल असर दीर्घकालिक हो सकता है।

# सवालों में यूसीसी का फैसला

> यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में सभी धर्मों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 साल और लड़कियों के लिए 18 साल होगी, तलाक के नियम और प्रक्रियाएं एक समान होंगी, वहीं दूसरी शादी की अनुमति तभी होगी, जब पहली पत्नी से तलाक हो चुका हो या वह नहीं रही हो। अब सभी धर्मों में बेटियों को माता-पिता की संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा और सभी धर्मों की महिलाओं को गोद लेने का समान अधिकार भी होगा। यूसीसी में एक बड़ा फैसला लिव-इन रिलेशनशिप यानी बिना विवाह के सहजीवन में रहने वालों के लिए है, ऐसे जोड़ों को अब रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और इसके लिए दोनों का बालिग होना जरूरी है, साथ ही उनके बीच खून का रिश्ता या पारिवारिक संबंध नहीं होना चाहिए।

हमारी विदेश नीति पर गंभीर सवालआरक्षण में उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में छिपा संभावित राजनीतिक मोड़ 27 जनवरी से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता यानी यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू हो गया है। भाजपा शुरुआत से यूसीसी की वकालत करती आई है। उसके चुनावी घोषणापत्र में यूसीसी लागू करने का वादा किया जा चुका है। फिलहाल भाजपा शासित उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। जिस तरह से इसे भाजपा की बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है, आश्चर्य नहीं कि जल्द ही दूसरे भाजपा शासित राज्यों में ऐसा ही फैसला लिया जाए।

यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में सभी धर्मों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 साल और लड़कियों के लिए 18 साल होगी, तलाक के नियम और प्रक्रियाएं एक समान होंगी, वहीं दूसरी शादी की अनुमति तभी होगी, जब पहली पत्नी से तलाक हो चुका हो या वह नहीं रही हो। अब सभी धर्मों में बेटियों को माता-पिता की संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा और सभी धर्मों की महिलाओं को गोद लेने का समान अधिकार भी होगा। यूसीसी में एक बड़ा फैसला लिव-इन रिलेशनशिप यानी बिना विवाह के सहजीवन में रहने वालों के लिए है, ऐसे जोड़ों को अब रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और इसके लिए दोनों का बालिग होना जरूरी है, साथ ही उनके बीच खून का रिश्ता या पारिवारिक संबंध नहीं होना चाहिए। यूसीसी में प्रावधान है कि अगर लिव इन में रहते हुए बच्चा होता है, तो उसे वैध माना जाएगा। लिव-इन रिश्ता जुर्माना हो सकता है। गलत जानकारी देने पर जुर्माना बढ़कर 25 हजार रुपये तक हो सकता है। यूसीसी में उत्तराखंड की अनुसूचित जनजातियों को छूट दी गई है, इन्हें संविधान के भाग 21 के तहत संरक्षण प्राप्त है। ये जनजातियां राज्य की कुल जनसंख्या का




खत्म होने पर महिला भरण-पोषण और गुजारा भत्ता का दावा कर सकेगी। अगर किसी ने एक महीने के भीतर लिव-इन का रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया, तो उसे 3 महीने की जेल और 10 हजार रुपये का लगभग 3 प्रतिशत हैं। भाजपा यूसीसी को प्रगतिकारी और महिला समर्थक कानून के तौर पर पेश कर रही है। लेकिन बारीकी से पड़ताल करें तो यह भाजपा की तरफ से संविधान बदलने की कोशिश का एक और कदम नजर आएगा। संविधान के भाग चार के अनुच्छेद 44 में वर्णित नीति निर्देशक तत्वों में कहा गया है राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।्य गौरतलब है कि यहां राज्य का तात्पर्य संघ सरकार से है। इसलिए केंद्र सरकार नहीं बल्कि कोई राज्य यूसीसी लागू करे तो यह सीधे तौर पर संविधान की अवहेलना है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल जुलाई में मुस्लिम पर्सनल लॉ का जिक्र करते हुए कहा था कि, श्एक घर में, यदि एक सदस्य के पास एक कानून है और दूसरे सदस्य के पास दूसरा कानून है, तो क्या वह घर, परिवार चल सकता है? तो दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा?्य लेकिन अब उन्हीं की नाक के नीचे एक राज्य ने यूसीसी लागू कर दिया, यानी उत्तराखंड में एक व्यवस्था लागू हो गई और बाकी राज्य में दूसरी व्यवस्था लागू है। अब क्या श्री मोदी ये बताएंगे कि एक राज्य के नागरिकों को अलग कानून और दूसरे राज्य के नागरिकों को अलग कानून का पालन क्यों करना पड़ रहा है। उत्तराखंड के यूसीसी में संविधान का हवाला देते हुए अनुसूचित जनजातियों को अलग रखा गया है। लेकिन सरकार को संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 क्यों नहीं याद रहे जो धार्मिक स्वतंत्रता के मूल अधिकारों की व्याख्या करते हैं। अनुच्छेद 25 कहता है, श्सभी व्यक्ति अंतरात्मा की स्वतंत्रता और सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अधीन धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, अभ्यास करने और प्रचार करने के समान रूप से हकदार हैंय। वहीं अनुच्छेद 26 कहता है कि सभी संप्रदाय धर्म के मामलों में अपने स्वयं के मामलों का प्रबंधन कर सकते हैं। लेकिन यूसीसी के तहत इस अधिकार को खत्म किया जा रहा है। उत्तराखंड सरकार के फैसले को जमीयत उलमा-ए-हिंद ने नैनीताल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है। इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का मानना है कि यूसीसी न केवल नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि पूरी तरह से भेदभाव और पूर्वाग्रह पर आधारित है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की इस आपत्ति से जाहिर है कि सरकार ने इस मसले पर राय मशविरा किए बगैर अपनी मर्जी थोपी है। कायदे से किसी महत्वपूर्ण विधेयक पर विपक्ष के साथ व्यापक चर्चा होनी चाहिए, आपत्तियों और आशंकाओं का निराकरण होना चाहिए, लेकिन जिस तरह कृषि कानून थोप दिए गए थे, वैसा ही काम अब उत्तराखंड में हुआ है। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक के मामले में, विपक्षी सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद कि उन्हें 192 पृष्ठों के मसौदे का अध्ययन करने के लिए कोई समय नहीं दिया गया।



## भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में कोल इंडिया का नाम शामिल

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड को भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। नामचीन संस्था 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' द्वारा 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 संस्थाओं की कार्यपद्धि के व्यापक सर्वे के पश्चात कोल इंडिया लिमिटेड को इस सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता अपने कर्मियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करते हुए विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। गौरतलब है कि एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की प्रतिबद्धता के लिए कोल इंडिया को पहले ही 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' की मान्यता मिल चुकी है। ज्ञातव्य है कि कोल इंडिया, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में कोल इंडिया भारत की 80त्न से अधिक घरेलू कोयला मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# लीजेंड 90 लीग ने टूर्नामेंट के लिए टीमों की घोषणा की

एजेंसी

**रायपुर।** क्रिकेट के पूर्व दिग्गज की लीजेंड 90 लीग ने छह से 18 फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए सभी सात फ्रेंचाइजी टीमों की घोषणा कर दी है।

इस लीजेंड 90 लीग में छत्तीसगढ़ वारियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज और राजस्थान किंग्स सहित सात टीमों में पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच आदि जैसे क्रिकेट के दिग्गज शिरकत करेंगे।

छत्तीसगढ़ वारियर्स में मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायुडू जैसे मार्की खिलाड़ी हैं, जबकि दिल्ली रॉयल्स में रॉस टेलर के साथ शिखर धवन हैं। हरियाणा ग्लेडिएटर्स की कमान हरभजन सिंह के हाथों में होगी, जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व



ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही बंगलादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जायंट्स के लिए खेलेंगे।

लीग में शामिल दिग्गज खिलाड़ियों के बारे में बात करते हुए, लीजेंड 90 लीग के निदेशक शिवैन शर्मा ने कहा, हम क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े दिग्गजों के साथ एक बार फिर मैदान पर इस तरह के अनूठे और गतिशील प्रारूप की मेजबानी करके रोमांचित हैं। प्रशंसक कौशल, सौहार्द और मनोरंजन के रोमांचक प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं।

### लीग की सभी टीमें इस प्रकार है :-

दुबई जायंट्सः शाकिब अल हसन, थिसारा परेरा, केनर लुईस, केविन ओ ब्रायन, ब्रेंडन टेलर, लियाम प्लंकेट, ड्वेन स्मिथ, एच. मसाकाद्जा, रिचर्ड लेवी, ल्यूक फ्लेचर, राहुल यादव, क्रिस्टोफर एम, सिड त्रिवेदी और एस. प्रसन्ना।

छत्तीसगढ़ योद्धा- सिद्धार्थ कौल, शेल्डन जैक्सन, पवन नेगी, केवोन कूपर, सुरेश रैना, विशाल कुशवाह, मार्टिन गुप्टिल, अभिषेक सकुजा, अंबाती रायडू, अमित वर्मा, गुरकीरत सिंह मान, अमित मिश्रा, ऋषि धवन, कलीम खान, उन्मुक्त चंद, मनोज सिंह, अभिमन्यु मिथुन और कॉलिन डी ग्रैंडहोम।

**हरियाणा ग्लेडियेटर्सः** पवन सुयाल, प्रवीण गुप्ता, अबू नेचिम, अनुरीत सिंह, इमरान खान, असेला गुणारत्ने, इशांक जग्गी, हरभजन सिंह, नागेंद्र चौधरी, रिक्की क्लार्क, पीटर ट्रेगो, चैडविक वाल्टन और मनन शर्मा।

**गुजरात सैम्प आर्मीः** यूसुफ पठान, मोईन अली, ओबस पीनार, सौरभ तिवारी, केसरिक विलियम्स, जेसल कारिया, मिगुएल कमिंस, चंद्रपॉल हेमराज, शापूर जादरान, मोहम्मद अशरफुल, विलियम पर्किन्स, नवीन स्टीवर्ट, अभिषेक, चतुरंगा डी सिल्वा और मौसिफ खान।

**बिग बॉयज़ स्क्वाडः** मैट प्रायर, ईशान मल्होत्रा, मोनू कुमार, चिराग गांधी, तमीम इकबाल, तिलकरत्ने दिलशान, हर्शल गिब्स, उपुल थरंगा, अब्दुर रज्जाक, शैनन गेब्रियल, वरुण एरोन, नील ब्रूम, करमवीर सिंह, रॉबिन बिस्ट, नमन शर्मा, कपिल राणा और विनोद चांवरिया।


**दिल्ली रॉयल्सः** शिखर धवन, लेंडल सिमंस, दनुष्का गुनाथिलका, एंजेलो परेरा, सहर्ड लुंबा, बिपुल शर्मा, लखविंदर सिंह, राजविंदर सिंह, रयाद एमरिट, रॉस टेलर, जेरोम टेलर, सुमित नरवाल और परविंदर अवाना।

**राजस्थान किंग्सः** ड्वेन ब्रावो, अंकी राजपूत, फिल मस्टर्ड, शाहबाज नदीम, फैज फजल, शादाब जकाती, जसकरण मल्होत्रा, इमरान ताहिर, जयकिशन कोलसावाला, राजेश बिश्नोई, कोरी एंडरसन, पंकज राव, समीउल्लाह शिनवारी, रजत सिंह, एशले नर्स, दौलत जदरान और मनप्रीत गोनी।

## हरियाणा के खिलाफ अहम मुकाबले में केएल राहुल कर्नाटक टीम में शामिल

एजेंसी

**बेंगलुरू।** क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिये त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी कर्नाटक की टीम को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे आखिरी लीग मैच में शीर्ष पर काबिज हरियाणा के खिलाफ बोनस अंक के साथ जीत दर्ज करनी होगी और केएल राहुल की वापसी से टीम को मदद मिलने की उम्मीद है। कर्नाटक के इस समय 19 और हरियाणा के 26 अंक हैं जबकि केरल के 21 अंक हो गए हैं। कर्नाटक अगर बोनस



अंक (कुल सात अंक) के साथ जीतता है तो उसे 26 अंक हो जायेंगे। ऐसे में वह शीर्ष या दूसरे स्थान की टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंच जायेगा। गत चैम्पियन केरल को तिरूवनंतपुरम में बिहार से खेलना है। बोनस अंक के बिना भी जीतने पर केरल के 27 अंक होंगे और वह ग्रुप सी में शीर्ष पर होगा। ऐसे में हरियाणा बाहर हो सकता है क्योंकि कर्नाटक के उससे ज्यादा अंक होंगे।

## पूरा हुआ स्टीव स्मिथ का सपना, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 10 हजार रन, ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में 10 हजार रन पूरा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में पहली पारी के दौरान ये कारनामा किया। स्टीव स्मिथ खेल के सबसे लंबे प्रारूप में दस दसार रन पूरा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सिर्फ एक रन से दस हजार रन पूरा करने से चूक गए थे लेकिन उनका ये सपना अब पूरा हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन अपना पहला रन बनाते ही ये उपलब्धि हासिल की। बैटर स्टीव स्मिथ में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं। स्मिथ ने रिकी पोंटिंग (13,378), एलनबॉर्डर (11,174) और स्टीव वॉ (10,927) जैसे बल्लेबाजों की खास सूची में जगह बना ली है। वहीं टेस्ट फॉर्मेट में 10 हजार रन पूरा कनरे वाले दुनिया के 15वें बल्लेबाज बन गए हैं। स्टीव स्मिथ पारी के लिहाज से सबसे तेज 10 हजार रन पूरा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। दिग्गज रिकी पोंटिंग ने अपनी 196वीं पारी में ये उपलब्धि हासिल की थी। स्मिथ ने अपनी 205वीं पारी में ये कारनामा किया।



# आईसीसी के सीईओ ज्यॉफ एलार्डिस ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी (सीईओ) ज्यॉफ एलार्डिस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया हैं। इस्तीफे के बाद एलार्डिस ने कहा, आईसीसी के मुख्य कार्यकारी पद पर रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। इस दौरान हमने जो भी लक्ष्य हासिल किए उस पर मुझे गर्व है, चाहे वह क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाना हो या आईसीसी सदस्यों के लिए व्यवसायिक आधार तैयार करना। मैं आईसीसी के अध्यक्ष, बोर्ड के तमाम सदस्य और पूरे क्रिकेट समूह का पिछले 13 वर्षों में मुझे दिए अपार समर्थन करने के लिए आभारी हूं। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय क्रिकेट के लिए उत्सुकता भरा समय होगा और मैं इसके लिए वैश्विक क्रिकेट समूह को अपनी शुभेच्छाएं देता हूं। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने मंगलवार रात ज्यॉफ एलार्डिस के इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा, मैं आईसीसी बोर्ड की ओर से ज्यॉफ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाने में उन्होंने बहुत मेहनत की है। हम उनकी सेवा पाकर खुश हैं और हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।



## पूर्व भारतीय बल्लेबाज का बयान, कहा- हार्दिक पंड्या के कारण टीम के बाकी बल्लेबाजों को नुकसान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मैच खेला गया। जिसमें भारत को 26 रन से हार झेलनी पड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 171 रन बनाए और राजकोट में भारतीय टीम 172 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन हार्दिक पंड्या ने बनाए। उनके बल्ले से 40 रन निकले। इसके बावजूद पूर्व खिलाड़ी पार्थिव पटेल ने इस भारतीय ऑलराउंडर के प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, पटेल के मुताबिक मैच के दौरान हार्दिक पंड्या ने बीच के ओवर्स में स्ट्राइक रोटेट नहीं की। उन्होंने कई बार सिंगल लेने से इनकार किया। वह ज्यादा गेंदे खेले इसके कारण बाकी बल्लेबाजों पर दबाव बना। पार्थिव के मुताबिक टीम इंडिया को हार्दिक पंड्या के बल्लेबाजी की अप्रोच को लेकर सोचना चाहिए। पार्थिव पटेल ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि, मैं समझता हूं कि जब आप अपना समय ले रहे हैं तो आप पिच की गति और उछाल से अभ्यस्त होना चाहते हैं। लेकिन आप जमने के लिए 20-25 गेंदें नहीं ले सकते। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं। आप बड़े शॉट नहीं खेलना चाहते ये ठीक है लेकिन आपको फिर भी स्ट्राइक रोटेट करते रहना होगा। आप लगातार तीन या चार डॉट बॉल नहीं खेल सकते हैं। पटेल ने आगे कहा कि, आप हार्दिक पंड्या को 34 गेंदों में 40 रन बनाते हुए देख सकते हैं। लेकिन उनकी पारी में की डॉट बॉल हैं जो अन्य बल्लेबाजों पर भी दबाव डालते हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि ये कुछ ऐसा है जिसके बारे में भारत सोच सकता है। आप अपना समय लें हां, ये कम स्कोर है, लेकिन आपको इसके साथ-साथ स्ट्राइक भी रोटेट करनी होगी।



# बैंकों, एनबीएफसी के दंडात्मक शुल्क पर कोई जीएसटी नहीं: सीबीआईसी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीबीआईसी ने कहा है कि बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के दंडात्मक शुल्क लगाने पर माल और सेवा कर (जीएसटी) लागू नहीं होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक परिपत्र के जरिये यह भी साफ किया कि ऑनलाइन मंच पर भुगतान एग्रिगेटर्स की मदद से 2,000 रुपये तक के लेनदेन पर जीएसटी नहीं लगाया जाएगा।

बैंकों और एनबीएफसी के दंडात्मक शुल्क लगाने पर जीएसटी लागू होने के मुद्दे को स्पष्ट करते हुए सीबीआईसी ने कहा कि आरबीआई जिन संस्थाओं को विनियमित करता है। उनके दंडात्मक शुल्क अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने पर लगाए जाते हैं, और इसलिए उन पर जीएसटी लागू नहीं होगा। सीबीआईसी ने कहा, ''55वीं जीएसटी परिषद की सिफारिश के अनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि कर्जदार के ऋण अनुबंध की भौतिक शर्तों का अनुपालन न करने पर विनियमित संस्थाओं द्वारा लगाए गए दंडात्मक शुल्क पर कोई जीएसटी देय नहीं है।'' एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि यह स्पष्टीकरण महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे व्याख्या संबंधी विवादों का निपटारा होगा।



### जापान यात्रा पर संस्थाओं के प्रमुखों व मंत्रियों के साथ सभी बैठकें, बातचीत ''सकारात्मक'' रहीं: मोहन यादव

**तोक्यो।** जापान के निवेशकों के समक्ष राज्य की अपार संभावनाओं के जोरदार प्रदर्शन के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि विभिन्न संस्थानों के प्रमुखों और सरकारी मंत्रियों के साथ उनकी सभी बैठकें व चर्चाएं ''सकारात्मक'' रही हैं। मुख्यमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि मध्य प्रदेश में जापान के संगठनों के लिए सूचना औद्योगिकी (आईटी), शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रेलवे जैसे क्षेत्रों में व्यापक व्यावसायिक संभावनाएं और आकर्षक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष सहयोग बढ़ाने की दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं। यादव जापान यात्रा के दूसरे दिन सेंसोजी मंदिर भी गए। मुख्यमंत्री ने सुबह की शुरुआत दक्षिण एशिया समिति (कीदानरेन) के प्रमुख एवं ईस्ट जापान रेलवे कंपनी के चेयरमैन युजी फुकासावा के साथ व्यापक चर्चा की। दोनों ने जापान और भारत के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के अवसरों की पहचान करने और विश्व प्रसिद्ध जापानी रेलवे प्रौद्योगिकी पर चर्चा की। फुकासावा ने मध्य प्रदेश का दौरा करने और राज्य के साथ सहयोग के अवसरों की खोज करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जो अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में खुद को बढ़ा-चढ़ा कर पेश कर रहा है। यादव ने एएंडडी मेडिकल के निदेशक दाइकी अराई के साथ विस्तृत चर्चा की। कंपनी राज्य में एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की इच्छुक है, संभवतः यह इसी वर्ष किया जाएगा। उन्होंने जापान के संसदीय उप-विदेश मंत्री हिसाशी मात्सुमोतो के साथ भारत-जापान संबंधों को मजबूत करने और राज्य स्तर पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। यह बैठक विदेश मंत्रालय में हुई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री यादव की जापान यात्रा पिछले वर्ष शुरू किए गए 'मध्य प्रदेश में निवेश' अभियान का हिस्सा है।

## सेबी ने रेलिगेयर में बहुलांश हिस्सेदारी लेने के लिए अमेरिकी इकाई की खुली पेशकश को खारिज किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के अधिग्रहण के लिए अमेरिकी इकाई डैनी गायकवाड़ डेवलपमेंट्स एंड इन्वेस्टमेंट्स की प्रतिस्पर्धी खुली पेशकश को खारिज कर दिया। सेबी ने कहा कि यह पेशकश जरूरी नियमों को पूरा नहीं करती है। डैनी गायकवाड़ डेवलपमेंट्स एंड इन्वेस्टमेंट्स ने आरईएल के लिए बर्मन परिवार द्वारा प्रवर्तित इकाइयों की पेशकश से अधिक कीमत पर वित्तीय सेवा फर्म में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव दिया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन को लिखे पत्र में डैनी गायकवाड़ डेवलपमेंट्स एंड इन्वेस्टमेंट्स ने अनुरोध किया था कि




उसे प्रतिस्पर्धी खुली पेशकश करने की अनुमति दी जाए। सेबी ने कहा कि दिग्विजय लक्ष्मणसिंह गायकवाड़ के पत्रों को वापस किया जा रहा है, क्योंकि यह सेबी (एसएएसटी) विनियम, 2011 के विनियम के अनुरूप नहीं है। इस बीच, बर्मन समूह ने बयान में कहा था कि गायकवाड़ ने कोई प्रतिस्पर्धी खुली पेशकश नहीं की है और समूह अपनी खुली पेशकश के साथ आगे बढ़ रहा है तथा उसे इसके सफल समापन का 'भरोसा' है। दिग्विजय लक्ष्मणसिंह गायकवाड़ ने आरईएल के लिए 235 रुपये प्रति शेयर की खुली पेशकश के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक 275 रुपये प्रति शेयर की कीमत देने की पेशकश की थी।

# जम्मू-कश्मीर में स्टार्टअप कार्यक्रम प्रणाली को मजबूत करने के लिए समझौता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और जम्मू-कश्मीर उद्यमिता विकास संस्थान (जेकेईडीआई) ने क्षेत्र में स्टार्टअप्स के लिए सहयोग, मार्गदर्शन और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौता ज्ञापन पर जेकेईडीआई के बारिब्राहमना परिसर में आयोजित एक विशेष स्टार्टअप-केंद्रित कार्यक्रम 'जम्मू कश्मीर कनेक्ट' के दौरान हस्ताक्षर किये गए। यह समझौता यह बाजार संपर्क, वित्त पोषण नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय विस्तार के अवसरों पर भी ध्यान केंद्रित है। कार्यक्रम में, जेकेएएस, जेकेईडीआई के निदेशक राजिंदर कुमार शर्मा ने मार्च 2024 में शुरू की गई जेके स्टार्टअप नीति के प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिसके कारण डीपीआईआईटी पोर्टल पर 250 से अधिक नए स्टार्टअप पंजीकरण हुए हैं और बहुत ही कम समय में कुल संख्या 988 हो गई है। चालू वित्त वर्ष के दौरान, संस्थान ने जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों में विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और आईआईटी में 601 उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं। कार्यक्रम में बहुत से स्टार्टअप, इनक्यूबेटर और प्रमुख हितधारक नवाचार और विकास के अवसरों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। उनके अलावा आईआईटी-जम्मू, आईआईएम-जम्मू, जम्मू विश्वविद्यालय, एसकेयूएएसटी-जम्मू, क्लस्टर विश्वविद्यालय और सीआईआईआईटी जम्मू के इनक्यूबेटरों के प्रमुखों के साथ-साथ फिक्की लेडीज आर्गनाइजेशन ( फ्लो) ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। एनआईटी-श्रीनगर, आईयूएसटी विश्वविद्यालय, एसकेयूएएसटी-सीआईआईआईटी बारामूला के इनक्यूबेटर भी वर्चुअल रूप से इसमें शामिल हुए।




## अनंत टेक्नोलॉजीज ने इसरो को ऐतिहासिक 100वें लॉन्च पर दी बधाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना स्थित एयरोस्पेस एवं रक्षा क्षेत्र की कंपनी अनंत टेक्नोलॉजीज (एटीएल) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को उसकी ऐतिहासिक 100वें लॉन्च मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने पर हार्दिक बधाई दी है। एटीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ सुब्बा राव पावुलुरी ने बुधवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त किया और कहा, इसरो के दीर्घकालिक साझेदार के रूप में, अनंत टेक्नोलॉजीज को इस अविश्वसनीय यात्रा में योगदान देने पर गर्व है। पिछले कुछ वर्षों में, हमें इसरो के कई मिशनों में अत्याधुनिक एवियोनिक्स, सिस्टम और समाधान प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है, जो उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक 100वां प्रक्षेपण न केवल इसरो की तकनीकी उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि अंतरिक्ष अन्वेषण और उपग्रह प्रक्षेपण में भारत की बढ़ती क्षमताओं का भी प्रमाण है।

# एआई का इस्तेमाल करो पर गुलाम मत बनो: मुकेश अंबानी

एजेंसी


**अहमदाबाद।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने छात्रों को नसीहत देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करो लेकिन उसके गुलाम मत बनो। श्री अंबानी ने मंगलवार को यहां पंडित दीन दयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी (पीडीईयू) के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, चैट जीपीटी का जरूर इस्तेमाल करो लेकिन याद रखो कि आर्टिफिशियल बुद्धि से नहीं खुद की बुद्धि से हम आगे बढ़ेंगे और आप आगे बढ़ सकते हैं। आरआईएल के अध्यक्ष ने छात्रों से बातचीत के दौरान उन्हें सलाह देते हुए कहा, एआई का एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने में माहिर होना चाहिए लेकिन अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करना न छोड़ें। इस विश्वविद्यालय के बाहर निकलते ही आपको इससे भी बड़ी 'यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ' में एडमिशन लेना पड़ेगा। जहां न कैंपस होगा न क्लासरूम और न ही पढ़ाने वाले टीचर्स। आप अपने दम पर ही जीवन में आगे बढ़ सकेंगे। श्री अंबानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय का जन्म प्रधानमंत्री की ही असाधारण दूरदर्शिता का परिणाम है। बीस साल पूर्व उन्होंने मुझसे कहा था कि वे चाहते हैं कि गुजरात ऊर्जा और ऊर्जा उत्पादों के मामले में देश का नेतृत्व करे। साथ ही विश्वस्तरीय मानव संसाधनों को विकसित करने में भी गुजरात को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए और इस तरह इस अग्रणी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। आरआईएल के अध्यक्ष ने दावा किया, मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि इस सदी के अंत से पहले भारत दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र बन जाएगा।




### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.06 प्रतिशत लुढ़ककर 72.99 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



## बांग्लादेश में होगी शेख हसीना की वापसी?

# आवामी लीग का सड़कों पर उतरने का ऐलान, यूनुस से मांगेगी इस्तीफा

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी ने वापसी का बिगुल बजा दिया है। आवामी लीग ने ऐलान किया है कि वह देश में हिंदुओं के उत्पीड़न के विरोध में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के इस्तीफे की मांग करेगी। पार्टी ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों और सड़क पर उतरने की भी योजना बनाई है। गौरतलब है कि शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद यह अवामी लीग का पहला बड़ा प्रदर्शन है। पिछले साल छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से पार्टी के अधिकतर नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं




हमलों के डर से कई नेता देश में ही छिपे हुए हैं। अवामी लीग के फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान के मुताबिक पार्टी यूनुस सरकार पर इस्तीफे के लिए दबाव बनाने के लिए 1 फरवरी से सड़कों पर उतरेगी। बयान में कहा गया है कि पार्टी इसकी तैयारी में जुट गई है। 6 फरवरी को देशभर में विरोध मार्च और रैलियां निकाली जाएंगी। वहीं 10 फरवरी को भी प्रदर्शन और रैलियां आयोजित की जाएंगी। बयान में यह भी कहा गया है कि 16 फरवरी को देशभर में नाकेबंदी की जाएगी और 18 फरवरी को सुबह से शाम तक हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। दिलचस्प बात यह भी है कि इस पोस्ट में शेख हसीना को प्रधानमंत्री कह कर ही संबोधित किया गया है। बयान में कहा गया है कि इस आंदोलन के जरिए आईसीटी ट्रिब्यूनल में प्रधानमंत्री और पार्टी के दूसरे नेताओं के खिलाफ लगे आरोपों को वापस लेने की भी मांग की जाएगी। बता दे कि सत्ता से बेदखल होने के बाद पार्टी ने 10 नवंबर को भी सड़कों पर उतरने की योजना की घोषणा बनाई थी।

## राजद ने महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौत पर जताया शोक

एजेंसी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुये इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ,नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डॉ. मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ. कांति सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ. तनवीर हसन, सुरेश पासवान, शिवचंद्र राम,प्रदेश के प्रधान




महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य नेताओं ने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में संगम घाट पर भगदड़ से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है और सरकार से मृतकों के आश्रितों को मुआवजा तथा घायलों का समुचित इलाज कराए जाने की मांग की है। साथ ही भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने और इसमें दोषी और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। राजद परिवार ने कहा कि इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिवार के साथ हमदर्दी का इजहार करते हुए ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवार को दुख सहने की सहनशक्ति प्रदान करे।

## संक्षिप्त सामाचार

### कांस्टेबल, ई-मित्र संचालक 2000 रु रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अजमेर जिले के भिनाय थाना के कांस्टेबल अर्जुनलाल एवं ई-मित्र संचालक विक्रम शर्मा को आज दो हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि परिवादी से एक शिकायत इस आशय की मिली की उसके विरुद्ध पुलिस थाना भिनाय में दर्ज परिवाद की जांच आरोपी कांस्टेबल अर्जुन लाल द्वारा की जा रही थी। इसमें राजीनामा हो जाने पर परिवाद को बंद करने की एवज में आरोपी अर्जुन लाल द्वारा 10,000 रुपये रिश्वत की मांग कर गत 15 दिसम्बर को 7000 रुपये रिश्वत राशि लेना एवं बकाया 3000 रुपये रिश्वत राशि लेना एवं शेष रिश्वत राशि के 4000 रुपये के पेटे परिवादी की सोने की अंगूठी आरोपी ई-मित्र संचालक विकम शर्मा के पास रखवाना तय किया गया। इस पर परिवादी की ब्यूरो में शिकायत करने पर दौराने सत्यापन 4000 रुपये रिश्वत राशि की मांग कर वक्त सत्यापन 2000 रुपये आरोपी ई-मित्र संचालक को दिलवाना पाया गया।

### रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 104 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने कुर्स्क, ब्रांस्क, स्मोलेंस्क, ट्वेर, बेलगोरोड, निज़नी नोवगोरोड, कलुगा, रोस्तोव और लेनिनग्राद क्षेत्रों में बीती रात को 104 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, पिछली रात के दौरान, वायु रक्षा प्रणालियों ने 104 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया, कुर्स्क क्षेत्र में 47, ब्रांस्क क्षेत्र में 27, स्मोलेंस्क क्षेत्र में 11, ट्वेर क्षेत्र में सात, बेलगोरोड क्षेत्र में चार, निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में तीन, कलुगा क्षेत्र में तीन, रोस्तोव क्षेत्र में एक और लेनिनग्राद क्षेत्र में एक ड्रोन नष्ट किया गया।

### हवाई फायर के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिण्ड।** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दबोह थाना पुलिस ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उनका बाजार में कल जुलूस निकाला गया। उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी योगेंद्र कौरव ने अमित यादव और महेंद्र खजोरिया के साथ मिलकर 22 जनवरी को कुरचारियां मोहल्ले में हवाई फायरिंग की थी।

### करणपुरा से ट्रेंकुलाइज किए गए बाघ को जंगल में छोड़ा

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के रैनी क्षेत्र के करणपुरा से पिछले दिनों ट्रेंकुलाइज किए गए बाघ को एनक्लोजर में रखने के बाद बुधवार को जंगल में रिलीज कर दिया गया। सरिस्का बाघ परियोजना के उप वन संरक्षक ने बताया कि बाघ परियोजना सरिस्का का दो वर्षीय नर बाघ एसटी-2402 का विचरण क्षेत्र रेंज अकबरपुर तथा सरिस्का अधीन क्षेत्रों में रहा है। युवा बाघ होने से अपनी पृथक टेरीटरी बनाने के दौरान यह एक जनवरी 2025 को बाघ परियोजना सरिस्का से निकलकर उपवन संरक्षक दौसा अधीन रेंज बांदीकुई के महुखुर्द जिला दौसा में पहुंच गया, जिसे अलवर वन मण्डल अधीन ग्राम करणपुरा, रैणी जिला अलवर से गत तीन जनवरी को सफलतापूर्वक ट्रेंक्यूलाईज कर करनाकाबास एनक्लोजर में छोड़ा गया था।

## महिला सम्मान को लेकर सिंघार ने सरकार को घेरा

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक महिला को कथित तौर पर प्रशासनिक जनसुनवाई में से घसीटते हुए ले जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार को घेरते हुए घटना की जांच की मांग की है।

श्री सिंघार ने एक्स पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया है। ये वीडियो राज्य के सिंगरौली जिले का बताया जा रहा है। वीडियो में दो महिला पुलिसकर्मी एक महिला को घसीटती हुई दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, एमपी में ये कैसा महिला सम्मान !!! मध्यप्रदेश में हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई पर उंगलियां उठती रही है! अब इन जनसुनवाई में फरियादियों का अपमान भी होने लगा। सिंगरौली में एक महिला



फरियादी को कलेक्टर की जनसुनवाई से घसीटकर निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को किसी का अपमान करने का अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री को इस मामले में संज्ञान लेकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई कलेक्टर महिला के साथ ऐसी ज्यादती न कर सके। कांग्रेस ऐसी प्रशासनिक ज्यादती का विरोध करती है और घटना की जांच की मांग करती है।

# यमुना में जहर के दावों की काट

## दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर भाजपा नेताओं ने पीकर दिखवाया पानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना का पानी बड़ा मुद्दा बन चुका है। दिल्ली के पूर्व सीएम प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने जब से यह आरोप लगाया है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने यमुना में जहर मिला दिया है, तब से आप और भाजपा के बीच तीखा वार-पलटवार चल रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने जहां इन आरोपों को झूठा बताया तो अब केजरीवाल के दावों की काट के लिए भाजपा के कुछ नेताओं-कर्याकर्ताओं ने यमुना का पानी भी पीकर दिखाने की कोशिश की है कि इसमें किसी तरह ऐसी मिलावट नहीं है। हरियाणा भाजपा के एक्स हैंडल से एक वीडियो जारी किया, जिसमे



कुछ लोग नदी में घुसकर पानी पीते हैं और कहते हैं कि यह बहुत साफ है। भाजपा ने लिखा, अरविंद केजरीवाल हार से बौखला गया है। हरियाणा से पूरी तरह से शुद्ध पानी दिल्ली में प्रवेश करता है। आज पार्टी कार्यकर्ताओं ने यमुना के हरियाणा दिल्ली बॉर्डर स्थित सोनीपत के अंतिम गांव दहिसरा में यमुना के पानी से आचमन किया। हरियाणा से पूरी तरह से शुद्ध पानी दिल्ली में प्रवेश करता है। आज पार्टी कार्यकर्ताओं ने यमुना के हरियाणा दिल्ली बॉर्डर स्थित सोनीपत के अंतिम गांव दहिसरा में यमुना के पानी से आचमन किया। दिल्ली में जल संकट के मुद्दे ने सोमवार को तब तीखा राजनीतिक मोड़ ले लिया, जब आप प्रमुख केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर जैविक युद्ध में शामिल होने का आरोप लगाया।

उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला दिया। अच्छा हुआ कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियर्स ने इसका पता लगा लिया। पानी को दिल्ली में घुसने से रोक दिया गया, नहीं तो बड़ी संख्या में लोग मारे जाते। आप और भाजपा ने चुनाव आयोग में जाकर इस मामले की शिकायत की है। वहीं, चुनाव आयोग ने केजरीवाल को सबूत पेश करने को कहा है।

# लेबनान पर इजरायली हमलों में 18 घायल

एजेंसी

**बेरूत/यरुशलम।** दक्षिणी लेबनान में अलग-अलग इजरायली हमलों में मंगलवार को 18 लोग घायल हो गए। लेबनानी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

लेबनानी सेना के मार्गदर्शन निदेशालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में यारून-मरून अल-रास सड़क पर सेना के जवानों और नागरिकों पर गोलीबारी की। इस हमले में तीन नागरिक और एक सैनिक घायल हुए हैं। सैनिक उन निवासियों के साथ था, जो दक्षिणी सीमा के कस्बों में लौट रहे थे। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने बताया कि मंगलवार शाम को एक



इजरायली ड्रोन ने नबातिह अल-फौका राजमार्ग पर फलों और सब्जियों के परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक पिकअप ट्रक पर मिसाइल दागी, जिससे ट्रक नष्ट हो गया और कई लोग घायल हो गए। एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि घायलों को लेबनानी रेड क्रॉस एम्बुलेंस द्वारा नबातीह के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनएनए की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग एक घंटे बाद, एक अन्य इजरायली ड्रोन ने दो किमी से भी कम दूरी पर ज़ावतार-नबातिह अल-फौका रोड पर 'फराह रेस्ट स्टॉप' के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाते हुए दूसरा हमला किया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, शाम को हुए दो हमलों में 14 लोग घायल हो गए। लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इन ताजा हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इजरायली आक्रमण लेबनान की संप्रभुता का एक और उल्लंघन है और यह युद्धविराम समझौते तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का खुला उल्लंघन है। श्री मिकाती के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, उन्होंने युद्धविराम निगरानी समिति के प्रमुख, अमेरिकी जनरल जैस्पर जेफर्स से संपर्क किया और इजरायल को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सख्त रुख अपनाने का आग्रह किया। इजरायली सेना ने मंगलवार को एक बयान में पुष्टि की कि उसने दक्षिणी लेबनान में एक ट्रक और एक अन्य वाहन पर हवाई हमले किए। सेना का दावा है कि ये वाहन लेबनानी सशस्त्र समूह हिज़्बुल्लाह के थे और शकीफ तथा नबातिया क्षेत्रों में हथियार ले जा रहे थे। इसी बीच, कल लेबनानी सेना ने घोषणा की कि इजरायली सेना की वापसी के बाद उसने लितानी नदी के दक्षिण में स्थित पश्चिमी और केंद्रीय क्षेत्रों के गांवों में अपनी इकाइयों की तैनाती कर दी है। लेबनानी क्षेत्रों से रविवार को इजरायल की वापसी के लिए 60 दिनों की समय सीमा समाप्त हो गई। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लगभग 14 महीने के संघर्ष के बाद पिछले साल नवंबर के अंत में हुए युद्धविराम समझौते के तहत, लेबनानी सेना को लितानी नदी के दक्षिणी इलाकों का नियंत्रण संभालना था।

## वरद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**पालघर।** पालघर जिले के बोईसर में 76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर वरद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बोईसर की ओर से पालघर जिले के बोईसर,नवापुर नाका ,राजस अपार्टमेंट में रविवार,26 जनवरी 2025 को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन वरद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. साईंदास लिंगनवाड, डॉ. कपिल माने, डॉ. इस्तियार खान व उनकी टीम द्वारा किया गया।स्वास्थ्य जांच शिविर में आने वाले सभी लोगों के ब्लड, कोलेस्ट्रॉल, यूरिन, शुगर, कान, आंख व फेफड़ों की जांच के साथ ही साथ ई.सी. जी.तथा एक्स रे भी किया गया। इस हॉस्पिटल द्वारा आयोजित




नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में करीब 250 लोगों ने हिस्सा लेकर लाभ उठाया। जाँच शिविर के शुभारम्भ के दौरान बोईसर- पालघर पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, समाजसेविका संगीता जयसवाल, उत्तर शक्ति वरिष्ठ पत्रकार अजीत सिंह व शकुन टाइम्स पत्रकार मृत्युंजय पाण्डेय समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स का दो विमान अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को लेकर स्वदेश पहुंचा

एजेंसी

**बोगोटा।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा है कि अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को लेकर कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स के दो विमान मंगलवार को देश की राजधानी बोगोटा में उतरे।

श्री पेट्रो के निर्देश पर कोलंबियाई नागरिकों को ह्यूस्टन, टेक्सास और सैन डिएगो, कैलिफोर्निया से उठाया गया। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, वे कोलंबियाई हैं, वे स्वतंत्र और सम्मानित हैं और वे अपनी मातृभूमि में हैं, जहां उन्हें प्यार किया जाता है। प्रवासी कोई अपराधी नहीं है, वह एक इंसान है जो काम करना और प्रगति करना चाहता है। श्री पेट्रो ने रविवार को निर्वासित लोगों को ले जा रहे अमेरिकी सैन्य विमानों के प्रवेश से इनकार कर दिया और कहा कि उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। इस कदम पर उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये सभी कोलंबियाई सरकारी अधिकारियों के वीजा रद्द करने और



कोलंबिया से आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी। इसके बाद दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि कोलंबियाई विमान निर्वासित लोगों को बिना हथकड़ी के, सुरक्षित और सम्मानजनक परिस्थितियों में ले जाएंगे, जैसा कि कोलंबिया की सरकार ने अनुरोध किया था। कोलंबियाई परिवार कल्याण संस्थान ने बताया कि निर्वासित कोलंबियाई लोगों में 26 नाबालिग थे। कोलंबियाई आव्रजन अधिकारी और चिकित्सा कर्मी निर्वासित लोगों के साथ यात्रा कर रहे थे, जिन्हें कोलंबियाई समाज में फिर से शामिल होने में मदद करने के लिए एक विशेष क्रेडिट कार्यक्रम का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों में कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स द्वारा बिना दस्तावेज वाले अधिक प्रवासियों को वापस लाने की उम्मीद है क्योंकि नए अमेरिकी प्रशासन ने अनियमित प्रवास पर नकेल कसी है।

## यादव से जापान के विदेश उप मंत्री ने की भेंट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जापान दौरे के दूसरे दिन जापान के विदेश मंत्रालय के संसदीय उप मंत्री हिसाशी मत्सुमोतो ने मुलाकात की। यह बैठक भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों को और सशक्त बनाने मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिये उपलब्ध अवसरों की जानकारी देने पर केंद्रित रही। डॉ. यादव ने भारत और जापान के बढ़ते सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जापान का भारत विशेष रूप से मध्यप्रदेश में किये जाने वाला निवेश, रणनीतिक दृष्टिकोण से बहुत अहम है। उन्होंने चर्चा में जापान के विदेश मंत्रालय के उप मंत्री मत्सुमोतो से आगे भी इस दिशा में और गति कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री कहा कि मध्यप्रदेश में जापानी निवेशकों के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं, खासकर शहरी परिवहन, जल प्रबंधन और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में निवेश की अपार संभावनाएं है।



RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007